53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 9.0 °c | अधिकतम 25.2 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:56, सूर्यास्त - 6:09 | वर्ष : 53/ अंक : 47 | सोमवार, 17 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

'इंतजार' उसका करो जो तुम्हारे इंतजार की कीमत समझे, उसका नहीं जो तुम्हे फालतू समझे।

नयी दिल्ली स्टेशन की घटना रेलवे की नाकामी और सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है : राहुल गांधी

इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता.....

आज शहर रहेगा जाम, कल पर टालें अपने काम

भारतीय किसान यूनियन के धरने को लेकर प्रशासन ने की ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। पूर्व घोषणा के अनुसार आज 17 फरवरी को नवीन मण्डी स्थल पर किसान महापंचायत होनी है। रविवार की शाम से ही भाकियू के पदाधिकारियों का जमावड़ा नवीन मण्डी स्थल पर लगता दिखाई दिया। देर शाम भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी वहां पहुंचे और अपनी विभिन्न मांगों की जानकारी मीडिया को दी। उनका कहना था कि बिजली की समस्या, भूमि अधिग्रहण के मामले , सीटू प्लस फिफ्टी, स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट और एमएसपी की गारंटी को लेकर कल की यह किसान मजदूर महापंचायत मुजफ्फरनगर में होनी नियत की गयी है।

उक्त महापंचायत में हजारों की संख्या में लोग ट्रैक्टरों के माध्यम से नवीन मण्डी स्थल सुबह ही पहुंच जाएंगे। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा पहले से ही नगर के लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की गयी है, जिसमें प्रशासन ने अनुरोध किया है कि सोमवार को घरों से बाहर निकलने

वाले लोग कूकड़ा मंडी की ओर जाने वाले रास्तों विश्वकर्मा चौक, बालाजी चौक, टिकैत चौक, अलमासपुर चौक, कूकड़ा ब्लॉक चौक, गांधी नगर चौकी व कूकड़ा मंडी की ओर से जाने से बचें। किसी मजबूरी के चलते ही इधर से गुजरना हो तो जरूर जायें अथवा अन्य वैकल्पिक मार्गों को अपनाने का कष्ट करें। यह एडवाइजरी पुलिस अधीक्षक यातायात की ओर से जनहित में जारी की गयी है। ऐसे में सोमवार को नगर की सड़कों पर दिन निकलते ही जाम लगने की सम्भावनाएं हैं। सम्भवतः इस जाम में बच्चों को स्कूल आने-जाने की भी समस्या का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में हरेक आदमी जाम से जूझने के लिए तैयार रहे।

राकेश टिकैत बोले - जो कुम्भ नी जाणे का उसे ये जीण नी देने के

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। महापंचायत से पूर्व रविवार को नगर में पहुंचे राकेश टिकैत ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि दिल्ली में हादसे के लिए सरकार को चिंता करनी चाहिए। अव्यवस्थाओं के कारण ही उक्त दुखद हादसा हुआ है। सरकार ने प्लेटफॉर्म पर गाड़ियों के देरी से पहुंचने और बार-बार प्लेटफॉर्म नम्बर बदलने के कारण ही उक्त हादसा घटित हुआ है। उनसे जब यह सवाल किया गया कि कुम्भ पर लालू यादव ने जो बयान दिया है, उस पर उनका क्या कहना है ? उन्होंने कहा कि यह धर्म से जुड़ा मामला

है। कुम्भ फालतू नहीं हुआ करते। पत्रकारों ने जब पूछा कि अब तो राहुल और प्रियंका भी कुंभ स्नान के लिए जाने की तैयारी कर रहे हैं तो उन्होंने कहा कि यो कुम्भ तो ऐसा लगा दिया जो कुम्भ नी जाणे का उसे ये जीण नी देने के। इसी के साथ-साथ उन्होंने अपनी महापंचायत के मुद्दों की पूरी जानकारी मीडिया को दी।

नाबालिग बालिका की शादी रुकवाने को खूब दौड़ी पुलिस

कुटेसरा में शादी समारोह में पुलिस टीम के कारण मचा रहा हड़कम्प, बालिका को साथ ले आई टीम

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। पुरकाजी क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग की शादी कराये जाने का मामला अभी चर्चाओं में बना हुआ है, ऐसे में जनपद में एक और गांव में नाबालिग की शादी होने की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस बाल कल्याण समिति की टीम के साथ गांव तक खूब दौड़ी और शादी रुकवाने के साथ ही बालिका को भी समिति के लोगों के सुपुर्द कर दिया गया। इससे शादी समारोह के दौरान हड़कम्प मचा रहा। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने गलत सूचना पर कार्यवाही की, शादी बड़ी बेटी की कराई जा रही थी। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुटेसरा में उत्तराखंड से बारात आई थी। शादी समारोह अपने जोर पर था, इसी बीच पुलिस के साथ बाल कल्याण समिति के लोग वहां पर पहुंचे और नाबालिग बालिका की शादी कराये जाने की बात कहकर छानबीन शुरू कर दी। समिति के पदाधिकारियों की शिकायत पर पुलिस ने शादी समारोह से एक नाबालिग बालिका से भी पूछताछ की और उसको समिति के सुपुर्द कर दिया गया, इसका परिजनों ने विरोध किया और पुलिस की कार्यवाही को गलत बताते हुए जानकारी दी कि वो अपनी बड़ी बेटी की शादी करा रहे हैं, पुलिस को किसी ने गलत सूचना दी है। लेकिन पुलिस के साथ बाल कल्याण समिति की टीम नाबालिग बालिका को अपने साथ लेकर वहां से आ गई। इस दौरान ग्राम प्रधान नैयूम त्यागी भी मौके पर पहुंच गये थे। पुलिस कर्मियों के साथ ही समिति के पदाधिकारियों ने प्रधान से भी नाबालिग की शादी कराये जाने को लेकर पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि नाबालिग की शादी कराये जाने की सूचना फर्जी निकली, लेकिन फिर भी एक नाबालिग बालिका को एहतियात के लिए समिति के लोग अपनी सुपुर्दगी में लेकर चले गये थे। इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

युवक का शव दुकान में लटका मिला

जानसठ, 16 फरवरी (बु.)। कस्बे में तालड़ा मोड़ के पास जानसठ-मोरना मार्ग पर टायर की दुकान पर एक युवक फांसी के फंदे पर लटक गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को फंदे से उतारा। शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया। कस्बे के मौहल्ला जन्नताबाद निवासी 28 वर्षीय युवक मुस्तफीजुर रहमान उर्फ मानु पुत्र मौहम्मद इस्लाम कस्बे के तालड़ा मोड़ के पास लगभग एक साल से टायर की दुकान करता था। उसने रविवार की देर रात लगभग 10 बजे फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। स्वजन ने हत्या का आरोप लगाया। सूचना पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। स्वजन ने बताया कि डेढ़ वर्ष पहले ही मुस्तफीजुर रहमान उर्फ मानु की शादी हुई थी। उसके एक छह माह का लड़का है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुस्तफीजुर रहमान उर्फ मानु की मौत से स्वजन में कोहराम मच गया। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि मुस्तफीजुर रहमान उर्फ मानु ने प्रथम दृष्टया आत्महत्या की है। स्वजन की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं आई है। जांच कर आगे के कार्रवाई की जायेगी।

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राएं कम से कम 45 मिनट पहले घर से निकलें

मुजफ्फरनगर। हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षाओं के चलते छात्र-छात्राएं आज सोमवार को परीक्षा देने के लिए स्कूल पहुंचेंगे। ऐसे में परीक्षार्थियों को अपने घर से कम से कम 45 मिनट पहले निकलना होगा, क्योंकि उसी समय भाकियू की पंचायत में कूकड़ा मंडी जाने के लिए ट्रैक्टरों का जमावड़ा सड़कों पर साफ दिखाई देगा। परीक्षार्थियों की परीक्षा न छूटे, इसके लिए ट्रैफिक विभाग भी सुबह से ही यातायात नियंत्रण के लिए सड़कों पर मुस्तैद दिखेगा। इसके बावजूद भी परीक्षार्थियों को स्वयं सतर्क रहना पड़ेगा, क्योंकि हर हाल में नगर की सड़कों पर सुबह 10 बजे जाम मिलेगा। विशेषकर एसडी पब्लिक, ग्रेन चैम्बर, वैदिक पुत्री पाठशाला, दि एसडी, एमजी, सरकुलर रोड, केन्द्रीय विद्यालय, एसएफ डीएवी, होली एंजिल आदि स्कूलों में पहुंचने के लिए परीक्षार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि इसी रूट से भाकियू के ट्रैक्टर बड़ी संख्या में गुजरेंगे।

आवारा कुत्तों के हमले में घायल हुआ युवक राजीव

कलेक्ट्रेट में प्रायः लोगों पर हमला कर रहे दर्जनों कुत्ते

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। जिले में बेसहारा गोवंशी, बंदर और आवारा कुत्ते परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। इस ओर जिम्मेदारों की अनदेखी आए दिन परेशानी का सबब बन रही है। बंदरों व कुत्तों के आतंक से हर कोई परेशान है, वहीं उनकी दहशत जान पर भारी पड़ चुकी है। जिम्मेदारों को सब जानकारी है, इसके बाद भी इस समस्या से आंखें मूंदे हुए हैं। कई बार इन समस्याओं से प्रशासन व नगर पालिका को अवगत करा चुके हैं, लेकिन कुत्तों के आतंक पर अंकुश लगाने के लिए कभी भी कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। कभी-कभी बंदरों को पकड़ने का अभियान चलाया जाता है। इसके लिए मथुरा से टीम बुलाई जाती है, लेकिन इसके बाद भी समस्या बनी ही हुई है।

पूरे जिले में आवारा कुत्तों का खौफ इतना बढ़ गया है कि डीएम कार्यालय पर भी फरियादी इनके आतंक से आहत हैं, रविवार को इस आतंक की जद में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे वहां मौजूद लोगों ने बामुश्किल छुड़ाते हुए घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। इससे अलग भी नगरीय क्षेत्र में कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इस समस्या पर किसी का ध्यान नहीं है। न तो कुत्तों को पकड़ने, रखने की कोई व्यवस्था है और न ही नसबंदी की। लोग पालिका के साथ प्रशासन से भी कई बार शिकायत कर चुके हैं। रात में कुत्ते कार, स्कूटी-बाइक के पीछे यूं ही दौड़ पड़ते हैं। कोई कुत्ते के काटने से जख्मी होता है तो कोई अपने वाहनों के अनियंत्रित हो जाने पर गिरकर घायल हो जाता है। रविवार को कलक्ट्रेट में आवारा कुत्तों के हमले का शिकार हुआ युवक सदर बाजार में मातेश्वरी फोटो स्टेट की दुकान पर काम करने वाला राजीव था, जो किसी कारण डीएम कार्यालय के बाहर से गुजर रहा था, तभी कुत्तों के वहां बैठे झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। इन आवारा कुत्तों ने राजीव के दोनों पैरों में कई स्थानों पर दांत गड़ा दिए, जिससे वो बुरी तरह लहुलुहान हो गया, हमले के बाद उसके शोर मचाने पर वहां पहुंचे लोगों ने आवारा कुत्तों को खदेड़ा। बाद में उसे अस्पताल में भिजवाया गया।

भारी भीड़ के कारण प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 26 तक बंद

पहले गृह मंत्री शाह को दी ब्रीफिंग, फिर रेल मंत्रालय पहुंचे अश्विनी वैष्णव, जांच टीम ने प्लेटफार्म से जुटाए सबूत

प्रयागराज, 16 फरवरी (एजेंसी)। महाकुंभ मेले में उमड़ रही भारी भीड़ के चलते उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) का प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 26 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। रेलवे ने पहले 14 फरवरी, फिर 16 फरवरी तक स्टेशन को बंद रखने निर्णय लिया था, लेकिन भीड़ का दबाव कम न होने पर स्टेशन को 26 फरवरी तक बंद करने का फैसला लिया गया। इस स्टेशन से ट्रेन पकड़ने वालों को अब फाफामऊ रलवे स्टेशन पर जाना पड़ेगा। प्रयागराज जंक्शन पर रविवार की शाम भारी भीड़ उमड़ पड़ी। स्टेशन जाने वाले सभी रास्तों पर जाम लग गया। भारी भीड़ को देखते हुए महाकुंभ मेले के ध्वनि विस्तारक से यह सूचना प्रसारित करानी पड़ी कि प्रयागराज जंक्शन जाने वाले यात्री एक घंटे बाद ही जंक्शन जाएं, अभी वहां पर भारी भीड़ है। जो लोग जंक्शन से ट्रेन पकड़कर गंतव्य की ओर जाान चाहते हैं वह एक घंटे बाद ही जंक्शन पर पहुंचें। सुबह से ही सभी स्टेशनों पर भारी भीड़ रही। प्रयागराज जंक्शन सहित सूबेदारगंज, फाफामऊ, छिवकी, रामबाग प्रयागराज, झूंसी और प्रयागराज जंक्शन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नैनी स्टेशन के बाहर का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी शेयर किया था। महाकुंभ मेले में त्रिवेणी मार्ग समेत कई जगहों पर रेलवे टिकट के रिजर्वेशन और और चालु टिकट की खरीद के लिए काउंटर भी बनाए गए हैं।

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसी)। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मच गई। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई। कई अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुरूआती जांच में सामने आया कि प्लेटफार्म 13 और 14 पर आने वाली ट्रेनें लेट थीं और भीड़ का दबाव लगातार बढ़ रहा था। इस बीच, प्लेटफॉर्म 16 से नई ट्रेन की घोषणा होने के बाद भीड़ बेकाबू हो गई। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मच गई। हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मरने वालों में 9 महिलाएं, 4 पुरुष और 5 बच्चे हैं। इनमें सबसे ज्यादा बिहार के 9, दिल्ली के 8 और एक हरियाणा का रहने वाला है। यह घटना रात करीब 10 बजे के आसपास प्लेटफार्म 13 और 14 पर हुई। घटना के वक्त बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में जाने के लिए स्टेशन पर एकत्रित हो रहे थे। इस बीच, नई ट्रेन की घोषणा के बाद भगदड़ मच गई। शुरूआती जांच में सामने आ रहा है कि ट्रेनों में देरी से भीड़ का दबाव बढ़ रहा था। नई ट्रेन की घोषणा से यात्री प्लेटफार्म 16 पर जाने के लिए भागने लगे। रेलवे पुलिस और दिल्ली पुलिस ने घायलों को एलएनजेपी और लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया। इधर, रविवार सुबह रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और घटना के बारे में ब्रीफिंग दी। उसके बाद वैष्णव रेल मंत्रालय पहुंचे और अफसरों के साथ बैठक की। वहीं, जांच टीम भी प्लेटफार्म पर पहुंची और घटना के सबूत जुटाए। भगदड़ मामले में रेलवे प्रशासन एक्टिव हो गया है और टीमें जांच में जुट गई है। मुख्य सुरक्षा आयुक्त पंकज गंगवार और प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक नरसिंह देव समेत सीनियर अधिकारी रविवार दोपहर प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर पहुंचे। हादसा कैसे हुआ? इस संबंध में जानकारी ली। जांच टीम के सीनियर अधिकारी उसी सीढ़ियों पर पहुंचे, जहां भगदड़ हुई थी। दरअसल, रेलवे ने जांच के लिए पंकज गंगवार और नरसिंह देव को जिम्मेदारी दी है। भगदड़ मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, 'नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात हुई भगदड़ के बाद सरकार की सारी परतें खुल गई हैं। रेल प्रशासन और रेल मंत्री इस खबर को दबाने की कोशिश कर रहे थे। वे लगातार ट्वीट कर रहे थे कि कोई भगदड़ नहीं हुई, बस लोगों की भारी भीड़ थी, जब दिल्ली के एलजी ने मृतक के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए ट्वीट किया, तो उनसे अपना ट्वीट एडिट करने के लिए कहा गया। सरकार को जानमाल का नुकसान कम करने की नहीं, बल्कि खबरों को फैलने से रोकने की चिंता है। उन्हें सिर्फ अपनी छवि की चिंता है, जनता की नहीं। महाकुंभ में आने वाले करोड़ों लोगों की आस्था की कीमत पर उन्हें अपनी छवि की चिंता है। कोई व्यवस्था नहीं है। हमें पता चला कि प्लेटफार्म थोड़ी देर के लिए बंद किया गया था और भगदड़ के सभी सबूत मिटा दिए गए हैं। हमारी मांग है कि घटना की सीसीटीवी फुटेज जारी की जाए. ट्रेनों के आगमन के लिए की जा रही घोषणाओं में कम्प्यूजन था। एलएनजेपी अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि अधिकांश घायलों को निचले अंगों में चोट लगी हैं। कुछ को हड्डी में चोटें आई हैं। चार लोग निगरानी में हैं। बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। अधिकांश मरीजों की हालत स्थिर है। 15 डॉक्टरों की टीम घायल मरीजों की देखभाल कर रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने घटना पर दुख जताया है। अखिलेश ने एक्स पर लिखा, 'दिल्ली में महाकुंभ के श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हृदयविदारक है। सरकार में बैठे लोगों को राजनीतिज्ञ नहीं, एक उस परिवारवाले की तरह सोचना होगा जिसने अपने मां-बाप, भाई-बहन, बच्चे और नाते-रिश्तेदार खोये हैं। मृतकों के शवों को ससम्मान उनके परिजनों तक पहुंचाने का ईमानदार इंतजाम किया जाए और घायलों को सर्वश्रेष्ठ उपचार उपलब्ध कराया जाए। भाजपा सरकार मौत का सच छुपाने का पाप ना करे।

दिल्ली मुख्यमंत्री पद की शपथ 18 को

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसी)। भाजपा में सीएम के चेहरे के चयन को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। विधायक दल की बैठक से पहले भाजपा की अहम बैठक करने वाली है, जिसमें दो पर्यवेक्षकों का चुनाव होगा। ये सांसद या फिर कोई वरिष्ठ नेता हो सकते हैं। पर्यवेक्षक की भूमिका यह होती है कि वह सीएम का चेहरा चुनने के लिए विधायकों से बात करते हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि भाजपा एक सीएम और छह मंत्री का चुनाव करेगी। इनमें डिप्टी सीएम भी शामिल हैं। हालांकि सबसे ज्यादा चर्चा सीएम के चेहरे पर हो रही है। द वीक की रिपोर्ट के मुताबिक नई दिल्ली सीट से विधायक प्रवेश वर्मा को सीएम की रेस से बाहर हो सकते हैं। अरविंद केजरीवाल को हराने के बाद उन्हें इस रेस में सबसे आगे माना जा रहा था। हालांकि उन्हें रेखा गुप्ता, विजेंद्र गुप्ता, वीरेंद्र सचदेवा और सतीष उपाध्याय से कड़ी टक्कर मिल रही है। रेखा गुप्ता मेयर रह चुकी हैं इसलिए उनके नाम की चर्चा है। वह पहली बार की विधायक हैं। ऐसे में भाजपा एक महिला को दिल्ली के सीएम पद के लिए चुन सकती है। दरअसल, यह चर्चा तब शुरू हुई है जब मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा गैर-चर्चित चेहरे को सीएम बनाया था। ऐसे में प्रवेश वर्मा की दावेदारी फीकी नजर आ रही है। सीएम चेहरे के चुनाव में इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि एलजी के साथ मिलकर कौन काम कर सकता है और विकास कार्यों को तेज कर सकता है। भाजपा ने दिल्ली की 48 सीटें जीतकर 27 साल बाद सत्ता में वापसी की है। भाजपा ने सिर्फ चुनाव ही नहीं जीता बल्कि आप के कई बड़े नेताओं को भी हरा दिया है जिसमें अरविंद केजरीवाल भी शामिल हैं। 18 फरवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री का शपथग्रहण समारोह आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है।

बुखार की चपेट में आई किशोरी की हुई मौत

बुढ़ाना, 16 फरवरी (बु.)। पिछले सप्ताह बुखार से हुए इंफेक्शन की चपेट में आई एक किशोरी जिंदगी से हार गयी। आज रविवार की सुबह नम आंखों से किशोरी का अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव उकावली में एक किशोरी पिछले हफ्ते अचानक से रहस्यमय बुखार की चपेट में आ गयी थी। उसी दौरान उसको इंफेक्शन हो गया, तो उसको गांव के एक चिकित्सक को दिखाया गया, तो उन्होंने उसको मुजफ्फरनगर भिजवा दिया। तदोपरांत किशोरी 2 दिन मुजफ्फरनगर में एक चिकित्सक के यहां पर भर्ती रही। इसके बाद हालत ज्यादा गंभीर होने पर फिर परिजन किशोरी को मेरठ ले गये,, जहां उपचार के चलते किशोरी ने आखिरकार दम तोड़ ही दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। आज रविवार की सुबह किशोरी का नाम आंखों से अन्तिम संस्कार कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि किशोरी का बुखार तो सही हो गया था, लेकिन शरीर में किसी कारण से इंफेक्शन हो गया। परिजनों के अलावा उपचार करने वाले सभी चिकित्सकों ने किशोरी को बचाने के भरसक प्रयास किए, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। आखिर किशोरी जिंदगी से हार गयी, जहां मौत की ही जीत हुई। किशोरी की मौत पर पूरे गांव में भारी शोक है।

किशोर ने गृह कलेश में सल्फास खाया, गंभीर

बुढ़ाना, 16 फरवरी (बु.)। एक किशोर ने मामूली सी बात पर गृह क्लेश के चलते घर में गेहूं में रखे सल्फास का सेवन कर लिया। चिकित्सकों ने किशोर को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया, जहां पर उसकी हालत बहुत ही गंभीर बताई जा रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की उकावली पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव उकावली निवासी लगभग 19 साल के शिवम वाल्मिकी ने आज रविवार की दोपहर किसी मामूली सी बात पर गृह क्लेश के चलते सल्फास का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर ही परिजनों को उसके सल्फास खाने का पता लगा, तो उन्होंनें आनन-फानन में शिवम को गांव के एक निजी चिकित्सक को दिखाया, जहां पर उसने किशोर के बुढ़ाना भेज दिया। तब बुढ़ाना कस्बे के एक चिकित्सक ने शिवम को गंभीर हालत में मेरठ के लिए रैफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक शिवम वाल्मिकि की हालत बहुत ही गंभीर बनी थी और परिजन इसको लेकर परेशान थे।

बैंड की दुकान में आग लगी, हजारों की संपत्ति क्षतिग्रस्त

बुढ़ाना, 16 फरवरी (बु.)। बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला शाहवाड़ा धोबियान निवासी शहजाद कस्सार ने नदी मंदिर रोड पर बैंड-बाजे का एक ऑफिस किराए की दुकान पर बनाया हुआ है। बीती शनिवार के देर रात शहजाद बाहर काम पर गया हुआ था। उधर उसकी गैर मौजूदगी में सिगरेट पीने वाले मौहल्ले के ही किसी व्यक्ति ने जलती सिगरेट शटर के नीचे फेंक दी। कुछ देर बाद दुकान से धुंआ उठने लगा, तो आसपास के लोगों को समझते देर नहीं लगी। उन्होंने इसकी सूचना शहजाद को दी, तो शहजाद के घर से उसका भाई आया और बंद दुकान का शटर खोला, तो दुकान में आग लगी हुई थी। दुकान में धुआं ही धुआं हो गया था। तब आसपास के लोगों ने घरों से पानी की बाल्टियां ला-लाकर आग बुझाई। इस दौरान दुकान में बैंड बाजे से संबंधित सामान जलकर राख हो गया। पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गयी।

सैर करने गये पति-पत्नी को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, पत्नी की मौत, पति बाल-बाल बचा

मीरापुर, 16 फरवरी (बु.)। रविवार सुबह पति के साथ खतौली रोड पर सैर पर गई महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, इससे महिला की मौत हो गई, जबकि पति बाल-बाल बच गया। महिला की मौत से बेटा-बेटी व परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। मीरापुर के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी अमित पाल पुत्र दयाचंद पाल रविवार सुबह पांच बजे पत्नी अपर्णा (28 वर्ष) के साथ मीरापुर-खतौली रोड पर सैर के लिए जा रहा था। जब यह दोनों गूल (छोटा रजवाह) के निकट पहुंचे, तभी पीछे की ओर से आए एक अज्ञात वाहन ने अपर्णा को टक्कर मार दी तथा अमित बाल बाल बच गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन घायल अपर्णा को अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर्णा की मौत से पांच वर्षीय पुत्र अदिरत व तीन वर्षीय पुत्री अधीरा व पति समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मीरापुर में दुर्घटना में मृत महिला का फाइल फोटो

पार्क और मैदान के अभाव में सड़कों पर घूमने जाते हैं नागरिक

मीरापुर। नगर पंचायत मीरापुर के क्षेत्र काफी बड़ा है तथा यहां की आबादी भी करीब 50 हजार है। मीरापुर से गांव कैथोड़ा, मुकल्लमपुरा, दायमपुरा, रसूलपुर, मुझेड़ा भी लगा हुआ है। मीरापुर क्षेत्र में आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने नागरिकों के घूमने के लिए न तो कोई पार्क बनवाया है और न ही किसी मैदान की व्यवस्था कराई है। प्रतिदिन सैकड़ों महिला-पुरुष तथा पुलिस व सेना की भर्ती की तैयारी करने वाले युवा प्रातःकाल में खतौली रोड, रामराज रोड व बिजनौर रोड पर ही सैर के लिए जाते हैं। खतौली रोड पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली,16 फरवरी (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 17 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं। 1370 - रुडाउ की लड़ाई में जर्मनी ने लिथुआनिया को हराया। 1670 - शिवाजी ने मुगलों के कब्जे वाले सिंहगढ़ कि ले को जीता। 1698 - औरंगजेब ने जिंजी के कि ले पर कब्जा कर लिया। 1813 - प्रसिया ने फ्रांस के खिलाफ जंग का ऐलान किया। 1852 - फ्रांस में प्रेस सेंसर सहित अनेक दमनात्मक कदम उठाए गये। 1864 - अमेरिकी गृहयुद्ध के दौरान एच.एल. हनली नामक पनडुब्बी ने पहली बार एक युद्धपोत को नेस्तनाबूत किया। 1867 - स्वेज नहर से पहला जहाज गुजरा। 1878 - सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार टेलीफोन एक्सचेंज खोला गया। 1882 - सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पहला टेस्ट मैच खेला गया। 1883 - ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ हथियारबंद संघर्ष की शुरूआत करने वाले क्रान्तिकारी वासुदेव बलवंत का निधन। 1909 - अमेरिकी साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष छेड़ने वाले अश्वेत अपाचे योद्धा जेरेनिमो का निधन। 1915 - गांधी जी ने पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया। 1927 - वीर वामनराव जोशी द्वारा लिखित रणदुंदुभी नाटक का मुंबई में प्रयोग हुआ, इसमें दीनानाथ मंगेशकर ने तेजस्विनी की भूमिका अदा की। 1931 - लॉर्ड इरविन ने गांधी जी का स्वागत वायसराय निवास में किया। 1933 - अमेरिका की साप्ताहिक पत्रिका ह्यन्यूजवीकह्ल प्रकाशित हुयी। 1934 - पर्वतारोहण के दौरान बेल्जियम नरेश अल्बर्ट प्रथम की मौत हुई। 1945 - सोवियत जवाबी कार्रवाई के दबाव में राकेट विशेषज्ञ वर्नर वान ब्राउन और अन्यों को वी-12 राकेट केन्द्र जर्मनी को खाली करना पड़ा। 1944 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एनीवेटोक का युद्ध शुरू हुआ जिसमें अमेरिकी सैनिकों ने जीत हासिल की। 1947 - सोवियत संघ में ह्यवायस ऑफ अमेरिकाह्ल का प्रसारण शुरू किया गया। 1959 - वेनगार्ड 2 नामक पहला मौसम उपग्रह कक्षा में प्रक्षेपित किया गया। 1962 - जर्मनी के हैम्बर्ग में तूफान से 265 लोगों की मौत। 1964 - अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने नागरिक अधिकारों पर बने कानून को स्वीकार किया।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1330, रसकट ढैया 1240-1265, चाकू 1380-1502, लड्डू 1380-1435, खुरपापाड़ 1340-1360, शक्कर मसाला 1460-1485। आमद- 6000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

सोना-	88100	चांदी-	96500
सिक्का-	10500	गिन्नी-	65750

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 17 फरवरी, 2025

मेष- अभीष्ट सिद्धि से प्रसन्नता, स्वास्थ्य में सुधार, शुभ भावनाओं का उदय, राजनैतिक गतिविधियों में वृद्धि, सुसमाचार से खुशी, शत्रु परास्त, वैवाहिक जीवन मधुर।

वृषभ- किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, मांगलिक आयोजन सम्पादित, दूसरों के आश्वासनों से राहत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, हानि का बचाव।

मिथुन- आज रात्रि 6/03 बजे तक समय अशुभ, कार्यों में अड़चनें, विरोधी प्रभावी, शेष समय बेहतर, समस्याओं का समाधान, उत्तरदायित्व का निर्वाह, धनागम का सुयोग।

कर्क- आज रात्रि 6/03 बजे तक समय शुभ, आर्थिक उन्नति, महत्वपूर्ण उपलब्धि, हर्ष भी, शेष समय असंतोषजनक, जोखिम से नुकसान, प्रतिष्ठा पर आघात।

सिंह- दिनचर्या व्यवस्थित, नौकरी में पदोन्नति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, परोपकार की भावना जागृत, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

कन्या- चिरवांछित कार्य बनने को, सफलता हेतु विचार-विमर्श, पठन-पाठन में रुचि, आय के नवीन स्त्रोत, व्यक्तित्व का विकास, अधिकारी वर्ग से सहयोग, लाभ भी।

तुला- आज रात्रि 6/03 बजे तक प्रतिकूलता, योजना अधूरी, समस्याओं से उलझनें, शेष समय बेहतर, व्यापारिक विस्तार, आहार में नवीनता, विरोधी परास्त।

वृश्चिक- आज रात्रि 6/03 बजे तक अनुकूलता, आत्मबल में वृद्धि, सुयश की प्राप्ति, प्रसन्नता, शेष समय व्यवधानकारक, स्वास्थ्य में शिथिलता, कार्यों में निराशा।

धनु- मनोवांछित कार्यों में सफलता, विवाद का समापन, प्रतियोगिता में अनुकूलता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, आमोद प्रमोद में व्यय।

मकर- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में लाभ का सुअवसर, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, धर्म अध्यात्म की ओर रुझान, यात्रा सुखद।

कुम्भ- आज रात्रि 6/03 बजे तक अड़चनें, व्यावसायिक विफलता, शारीरिक कष्ट, तनाव, शेष समय प्रगतिकारक, अधूरे कार्य पूर्ण, आपसी सद्भाव, संत समागम।

मीन- आज रात्रि 6/03 बजे तक सफलता का मार्ग प्रशस्त, आरोग्य सुख, मन प्रसन्न, शेष समय विपरीत, आर्थिक हानि संभव, विवाद से नुकसान, मित्रों से असहयोग।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

श्रीराम कॉलेज के खेल प्रांगण में एल्युमनी मीट-2025 कार्यक्रम में भूली-बिसरी यादों का हुआ समागम

पुरातन विद्यार्थियों ने श्रीराम कॉलेज में बिताये पलों की याद को किया ताजा

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बुस.)। आज श्रीराम कॉलेज के सभागार में एल्युमनी मीट-2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 1017 पुरातन विद्यार्थी, जो देश-विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं, ने प्रतिभाग किया। एल्युमनी मीट कार्यक्रम को दो सत्रों में विभाजित किया गया, जिसका प्रथम सत्र परिचय पत्र तथा दूसरा सत्र तकनीकी सत्र रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि चंदन सिंह चौहान, लोकसभा सांसद बिजनौर, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं श्रीराम ग्रुप आफ कॉलिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ, श्रीराम कॉलेज निदेशक डॉ. अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, डीन एकेडमिक्स डॉ. विनीत कुमार शर्मा, डीन मैनेजमेंट डॉ. सौरभ मित्तल एवं सभी एल्युमनाई (पुरातन विद्यार्थियों) ने मिलकर द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत पॉलिटैक्निक के छात्र-छात्राओं द्वारा पारम्परिक रूप से गणेश वन्दना प्रस्तुत कर की गई। इसके पश्चात वाणिज्य विभाग की छात्रा ज्योति द्वारा घूमर-घूमर गीत पर नृत्य कर कार्यक्रम मे मौजूद पुरातन विद्यार्थियों का मन मोह लिया। इसके बाद बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के छात्र सोहेल आलम ने कभी आसां कभी मुश्किल गीत पर सोलो डांस कर मैदान में उपस्थित जनसमूह का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों द्वारा रेट्रो-मेट्रो बॉलीवुड मैशअप थीम पर सामूहिक नृत्य की जोरदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर पुरातन छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस एल्यूमनाई मीट का प्रथम सत्र परिचय सत्र रहा, जिसमें पुरातन विद्यार्थियों ने अपने बारे में विस्तार से परिचय देते हुए अपने कार्य क्षेत्र के अनुभव सांझा किये व श्रीराम कॉलेज से जुड़ी भावनात्मक यादों को भी ताजा किया। उन्होंने कहा कि यहां पढ़ते हुए सीखी गयी विभिन्न बाते आज भी कार्य क्षेत्र में हमे बहुत मदद दिलाती हैं। सभी ने बड़े जोश और जज्बे से वर्तमान विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव सांझा किये व पुरातन विद्यार्थियों ने कॉलिज के विद्यार्थियों को रोजगार एवं शिक्षा के क्षेत्र में पूर्ण मदद देने का भी वादा किया। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए श्रीराम कॉलेज द्वारा पूर्व विद्यार्थियों की एक समिति का भी गठन किया गया। द्वितीय सत्र तकनीकी सत्र रहा, जिसमें अलग-अलग विभागों के पुरातन विद्यार्थियों ने वर्तमान में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों व विभाग के प्रवक्ताओं के साथ इस सत्र में प्रतिभाग किया।

इस सत्र का उद्देश्य पुरातन विद्यार्थियों के साथ वर्तमान विद्यार्थियों का परिचय कराना व कार्य क्षेत्र में वह किस प्रकार अपने जूनियर्स की मदद कर सकते हैं, इन सब बातों पर विचार किया गया, जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे पुरातन विद्यार्थियों ने कॉलिज के विद्यार्थियों को कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया कि व्यवसायिक क्षेत्र में सशक्त एवं मजबूत रोजगार का क्षेत्र प्राप्त करने के लिए अनेक ऐसी योग्यताएं एवं कौशलता एवं गुणों का विकास करना जरूरी है, जो कार्य क्षेत्र में आपको सशक्तता प्रदान कर सके। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान बढ़ाने की सलाह देते हुए कहा कि आगे जाकर आपका तकनीकी ज्ञान आपके कार्यक्षेत्र में आपको मजबूती प्रदान करेगा, जिसकी सहायता से आपको विभिन्न रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र बिजनौर के सांसद और कॉलेज के पुरातन छात्र चंदन सिंह चौहान ने अपने संबोधन की शुरूआत कॉलेज में अपने छात्र जीवन की यादों के झरोखें से की। उन्होंने कहा कि ये कॉलेज सिर्फ शिक्षा का मंदिर ही नहीं बल्कि एक बहुत बड़ा विजन है, जिसने क्षेत्र में शिक्षा क्रांति की एक अलख जगाई है। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं इस महाविद्यालय का छात्र हूं, मुजफ्फरनगर जैसे क्षेत्र में इतनी सुलभ शिक्षा के साथ समाज के हर आयाम की शिक्षा देना बड़ी बात है। इसके लिए कॉलेज चेयरमैन और मेरे गुरु एस सी कुलश्रेष्ठ जी बधाई के पात्र है। इस अवसर पर श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने कहा कि आज के समय में ज्ञान के साथ-साथ व्यवहार को ज्यादा अहमियत दी जाती है और व्यवहार एक दूसरे के साथ वातालाप एवं मेल जोल के बाद ही बनता है। इसी व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए श्रीराम कॉलेज प्रतिवर्ष एल्युमनाई मीट का आयोजन करता है, जो निश्चित ही वर्तमान एवं पुरातन छात्रों को एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने कहा कि मुजफ्फरनगर जनपद में श्री राम कॉलिज जिस प्रकार शिक्षा को निरन्तर नये आयाम प्रदान कर रहा है, उसी के साथ-साथ पुराने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों से जोड़ने के लिए एक छोटी सी पहल की गयी थी, जो आज एक विशाल वृक्ष का रूप ले चुकी है। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत किया। इस मीट में वर्ष 2004 से लेकर अब तक के पास आउट विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से जुड़ी अपनी यादों व अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के निदेशक डॉ. एसएन चौहान, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, देवेन्द्र चौधरी, बाह्य प्रवेश समन्वयक, नीतू सिंह, डीन एकेडमिक्स डॉ. सौरभ मित्तल, डा निशांत राठी, डॉ. विवेक कुमार त्यागी, रवि गौतम, डॉ. पूजा तोमर, डॉ. श्वेता राठी, प्रमोद कुमार, सहित सभी डीन, विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

नहीं बनी बात, जानसठ नगर पंचायत में सफाई कर्मियों की हड़ताल रही जारी

जानसठ, 16 फरवरी (बु.)। नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी 13 सूत्रीय मांगों को लेकर चौथे दिन भी हड़ताल पर रहे। रविवार को भी सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अडिग हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि उनकी मांग हैं कि नगर पंचायत में संविदा सफाई कर्मचारियों की ठंडी, गर्म वर्दी का भुगतान तत्काल कराए जाने की व्यवस्था कराई जाए। सफाई कर्मचारियों से रात्रि में काम लिया जा रहा है, उसका वे पुरजोर विरोध करते हैं। कर्मचारी रात्रि में कार्य नहीं करेंगे। संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई किया जाए। इसके अलावा राज्य कर्मचारियों की भांति नगर निकाय सफाई कर्मचारियों को भी सातवें वेतन का लाभ दिलाए जाने की मांग की। उत्तर प्रदेश में जनसंख्या के आधार पर दो लाख सफाई कर्मचारियों की भर्ती किए जाने व पदोन्नति किये जाने की मांग की। ठेका सफाई कर्मचारियों को शासनादेश अनुसार 21 हजार रुपये प्रति माह देने आदि मांग शामिल है। इस दौरान अध्यक्ष विनोद कुमार, महामंत्री मलखान सिंह, जितेंद्र कुमार, विकास दीप, संजीव कुमार, अरविंद कुमार, नंदू, गोविंद, चिन्की, ललित, तारावती, पुष्पा देवी, कमलेश, मिथिलेश, अनीता, संगीता देवी आदि मौजूद रहे।

छह लेन का बनेगा एनएच-58, नितिन गडकरी ने दी मंजूरी

मेरठ, 16 फरवरी (एजेंसी)। मेरठ से गुजर रहे दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे-58 को छह लेन बनाने का रास्ता साफ हो गया है। इसे छह लेन बनाने के लिए डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई जा रही है। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद अरुण गोविल को पत्र लिखकर दी है। इसके साथ ही एनएच-58 पर घाट रोड व भोला रोड पर ओवरब्रिज को भी केंद्रीय मंत्री ने मंजूरी दे दी। एनएच-58 पर यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए मेरठ के तत्कालीन सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से एलिवेटिड रोड बनाने, घाट रोड व भोला रोड पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की थी। केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एनएच-58 पर एलिवेडिट रोड बनाने या इसे छह लेन विस्तार करने का संभावनाओं को टटोलना शुरू कर दिया है। अरुण गोविल ने भी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर एनएच-58 को छह लेन बनाने और भोला रोड व घाट रोड पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की थी। अब केंद्रीय मंत्री ने सांसद को पत्र लिखकर बताया है कि एनएच-58 को छह लेन के निर्माण के लिए डीपीआर का कार्य प्रगति पर है।

रोनी हरजीपुर गांव में चोरों ने समेटा कई ट्यूबवेलों से कीमती सामान

चरथावल, 16 फरवरी (बु.)। क्षेत्र के रोनी हरजीपुर गांव में शनिवार रात चोरों ने कई ट्यूबवैलों पर हाथ साफ कर दिया। चोर यहां से मोटर-स्टार्टर आदि कीमती सामान भरकर ले गये। रविवार सुबह घटना का पता चला, तो किसानों में आक्रोश फैल गया।

भाकियू नेता विकास शर्मा ने किसानों के बीच पहुंचकर आश्वासन दिया पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम रोनी हरजीपुर में शनिवार की रात्रि सुभाष, मांगेराम, गोपाल, साधू, अनिल, कालूराम आदि किसानों की ट्यूबवैलों से मोटर-स्टार्टर आदि कीमती सामान भरकर ले गये। रविवार सुबह घटना का पता चला, तो किसानों में आक्रोश फैल गया। भाकियू नेता विकास शर्मा ने किसानों के बीच पहुंचकर आश्वासन दिया, पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

छात्रा के अपहरण में मुरादाबाद के गांव में साम्प्रदायिक तनाव

मुरादाबाद, 16 फरवरी (एजेंसी)। सोनकपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली 10वीं की छात्रा स्कूल जाते समय लापता हो गई। किशोरी के पिता ने गांव के ही दूसरे संप्रदाय के दिलशाद के खिलाफ अपहरण का आरोप लगाया है। छात्रा के अपहरण की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन के लोग गांव पहुंचे। मामला दो संप्रदायों के बीच का होने के कारण गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस तैनात कर दी गई है। कई पुलिस टीमें छात्रा की तलाश में जुटी हैं। पीड़िता के पिता ने तीन दिन पहले सोनकपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी 10वीं कक्षा की छात्रा है। 11 फरवरी की सुबह वह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी लेकिन फिर घर नहीं लौटी। स्कूल जाने पर पता चला कि छात्रा स्कूल पहुंची ही नहीं थी। पुलिस अब तक छात्रा को बरामद नहीं कर पाई है। शुक्रवार को पीड़िता के पिता ने बिलारी सीओ को प्रार्थनापत्र दिया, जिसमें बताया कि गांव निवासी दूसरे संप्रदाय का दिलशाद बेटी का अपहरण कर ले गया है। कहा कि वह पहले से ही उसकी बेटी पर गलत नजर रखता था। दिलशाद ने बेटी का अपहरण करने की धमकी भी दी थी। पुलिस ने छात्रा के पिता के बयान दर्ज कर लिए हैं। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर केस दर्ज किया है। छात्रा की बरामदगी के लिए टीमें लगाई गई हैं। दूसरे संप्रदाय के युवक द्वारा छात्रा के अपहरण की जानकारी मिलने पर गांव में तनाव की स्थिति बनी है।

प्रलय की प्रतीक्षा न करें, धरती को अभी से हराभरा बनाएं? योगी

महाकुंभनगर, 16 फरवरी(वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुम्भ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा।

श्री योगी रविवार को प्रयागराज महाकुंभ में कुम्भ की आस्था और जलवायु परिवर्तन विषयक जलवायु सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा ह्व हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। उन्होंने कहा कि जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। मनुष्य ही केवल इस सृष्टि का एकमात्र जीव नहीं है। जीव जंतुओं का जीवन चक्र मनुष्य के साथ और मनुष्य का जीवन चक्र उनके साथ जुड़ा हुआ है। उनका अस्तित्व रहेगा तो हमारा भी अस्तित्व रहेगा और यदि उन पर संकट आएगा तो हमारे अस्तित्व पर भी संकट आएगा। उन्होंने कहा ह्व हम प्रलय की प्रतीक्षा ना करें, बल्कि अभी से धरती को हरा भरा बनाएं। कुम्भ का भी यही संदेश है। हम सबको आस्था के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के कारकों पर भी विचार करते हुए उसके निवारण का उपाय करना होगा। जीव सृष्टि और जंतु सृष्टि के संरक्षण के साथ ही मानव सृष्टि की सुरक्षा और संरक्षण हो पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में जब जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं तो एक-दूसरे पर दोषारोपण होने लगता है। यही स्थिति महाकुम्भ में भी देखने को मिल रही है। एरियल सर्वे में देख रहा था कि पार्किंग की जगह खाली है, लेकिन हर व्यक्ति सड़क पर अपनी गाड़ी खड़ी करके संगम स्नान को जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वही व्यक्ति पार्किंग के स्थान पर अपना वाहन पार्क करे तो हो सकता है कि उसे 100 मीटर ज्यादा पैदल चलना पड़े, लेकिन सड़क पर कहीं जाम नहीं होगा और आसानी से वह संगम में स्नान कर सकेगा। उन्होंने कहा- इस जलवायु परिवर्तन से बचने के लिए हम सब कहां भागीदार हैं, इसके बारे में चिंतन करना और उसे अपने व्यवहारिक जीवन में उतारना, यह सचमुच महाकुम्भ का हिस्सा बनना चाहिए। इसे हर किसी को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

बैनामा खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक बैग जिसमें मेरे मकान के मूल कागजात बैनामा आदि थे, कचहरी में दिनांक 13/02/2025 को कहीं गुम हो गया है। बैनामा श्री सुधीर कुमार पुत्र श्री सतपाल सिंह निवासी 10 दीपचंद कॉलोनी, मुजफ्फरनगर के हक में था जोकि संजय सिंघल पुत्र साधुराम ने सुधीर कुमार पुत्र सत्यपाल के हक में दिनांक 28.08.2008 को किया हुआ है, जो कि बही नं. 1, जिल्द संख्या 4440 के पृष्ठ संख्या 183/210 पर क्रमांक 11191 पर दिनांक 30/10/2008 को रजिस्टर्ड है। किसी अन्य द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा।

गिरजेश पुत्र श्री राम निवास
निवासी - मौहल्ला शांतिनगर,
थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

Notice of lost deed

It is informed to the general public that my bag containing original documents of my house, deed etc., has been lost in the court compound on 13/02/2025. The deed was in favour of Shri Sudhir Kumar S/o Sh. Satpal Singh resident of 10 Deepchand Colony, Muzaffarnagar, done by Sanjay Singhal S/o Sadhuram in favour of Sudhir Kumar S/o Satpal on 28.08.2008, which is registered on 30/10/2008, at Sr. number 11191 on page number 183/210 of ledger number 1, volume number 4440. Its use by anyone else, will be illegal.

Girjesh S/o Shri Ram Niwas
Resident - Mohalla Shanti Nagar, Police Station New Mandi, Muzaffarnagar

छुट्टी पर आए सीआरपीएफ जवान ने खाया पत्नी-बेटी संग जहर, अस्पताल में हुई मौत

मेरठ, 16 फरवरी (एजेंसी)। सरधना रोड स्थित गणपति एनक्लेव में लगभग 45 वर्षीय सीआरपीएफ में हवलदार केशपाल ने अपनी पत्नी प्रियंका व 15 वर्षीय बेटी नव्या के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर पड़ोसियों व परिजनों ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने हवलदार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, मां-बेटी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में लग गई है।

सरधना रोड स्थित गणपति एनक्लेव में केशपाल अपने परिवार के साथ रहता है। भाई महेश पाल ने बताया कि वह मूलरूप से बढ़ला धनोरा जिला बागपत के रहने वाले हैं। छोटा भाई केशपाल सीआरपीएफ में हवलदार के पद पर पंजाब में तैनात है। परिवार में पत्नी प्रियंका, लगभग 15 वर्षीय बेटी नव्या व 12 वर्षीय बेटा विवान है। दो दिन पूर्व केशपाल छुट्टी पर घर आया था। रविवार सुबह किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया था। इसके बाद तीनों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। घटना के बाद केशपाल ने भाई को फोन कर घटना की जानकारी दी थी। भाई के पहुंचने के बाद पड़ोसियों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से घायलों को आनंद अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ देर बाद चिकित्सकों ने हवलदार को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, मृतक हवलदार के शव को पुलिस से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि सभी तथ्यों पर जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

पलड़ी में लिमरा एजुकेशन एकेडमी के निःशुल्क महिला चिकित्सा कैम्प में 400 महिलाएं लाभान्वित

शाहपुर, 16 फरवरी (बु.)। क्षेत्र के गांव पलड़ी के लिमरा एजुकेशन एकेडमी द्वारा निःशुल्क महिला चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें 400 महिलाओं का उपचार किया गया। शाहपुर के गांव पलड़ी में लिमरा एजुकेशन एकेडमी के प्रबंधक अलीमियां गाजी द्वारा आयोजित महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा शिविर में 400 महिलाओं को निःशुल्क परामर्श देकर उनका उपचार किया।

निःशुल्क दवाइयां व जांच कर महिलाओं को महिला रोगों के प्रति सचेत रहने व समय पर जांच कराने की सलाह दी गयी। महिला रोग विशेषज्ञ चिकत्सक असमा अनम ने बताया कि महिलाओं को अपने सवास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए, जिससे समय पर उपचार किया जा सके। छोटी मामूली बीमारी उपचार ना होने पर भयंकर बीमारी के रूप में सामने आती है, जिससे शारीरिक व आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इस दौरान लिमरा एजुकेशन एकेडमी के प्रबन्धक अलीमिया गाजी खान व हकीमुद्दीन वेल्फेयर सोसायटी द्वारा आयोजित कैम्प का शुभारंभ आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी विकास अंबेडकर एवं हाजी जैनुद्दीन खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कैम्प को सफल बनाने में पूर्व प्रधान पति शाहनवाज अंसारी, मास्टर गुल मौहम्मद शिकारपुर, हाजी रिजवान कुरैशी, इस्तखार पहलवान बसी, असजद खान, फखरूद्दीन खान, रिजवान अब्बासी, नौशाद अंसारी, आरिफ खान, शारिफ खान, आबिद कुरैशी, सुफियान खान, पिल्लु कस्सार आदि का विशेष योगदान रहा।

सीएचसी पर आयोजित हुआ मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला

-81 मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सकों ने दी दवाई

जानसठ, 16 फरवरी (बु.)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. अजय कुमार की देखरेख में क्षेत्र के सिखेड़ा, राजपुर कलां, मीरापुर, रामराज में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। रविवार को मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों ने 81 मरीजों की जांच कर उनको दवाई का वितरण किया। इस दौरान पीएचपी स्टाफ द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन से संबंधित जानकारी दी गई तथा सामग्री वितरित की गई। एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी स्वास्थ्य मेले में की गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि इस दौरान डॉ. अजय, डॉ. नदीम, फार्मेसिस्ट मरदान, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद और वार्ड बॉय राजेंद्र आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।

यूपी में बिजली के निजीकरण के विरोध में देशव्यापी आंदोलन की तैयारी

लखनऊ, 16 फरवरी (एजेंसी)। पूर्वांचल और दक्षिणांचल बिजली निगमों के निजीकरण के प्रस्ताव और अन्य राज्यों में निजीकरण की चल रही कवायद के विरोध में बिजलीकर्मी अब राष्ट्रव्यापी आंदोलन की तैयारी में हैं। 23 फरवरी को नागपुर में बिजली कार्मिकों का राष्ट्रीय सम्मेलन होगा है जिसमें आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की ओर से होने वाले इस सम्मेलन में देशभर के बिजली से जुड़े संगठन हिस्सा लेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी भी प्रदेश की स्थिति रखेंगे। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रदेश में जिला मुख्यालयों एवं परियोजना मुख्यालयों पर चल रहा प्रदर्शन निरंतर चलता रहेगा। नागपुर सम्मेलन के बाद संघर्ष समिति आंदोलन के अगले कदमों की घोषणा करेगी। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मच

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

अत्याधिक भीड़ और असावधानी

नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के कुछ प्लेटफॉर्म और सीढ़ियों पर शनिवार की रात्रि भगदड़ मच गयी। कई परिवारों ने अपने परिजनों को खो दिया। चश्मदीदों का कहना है कि अधिकतर लोगों की मौत प्लेटफॉर्म नंबर 14 तक जाने वाली सीढ़ियों पर हुई। कई ऐसे लोग, जिन्होंने भगदड़ में बहुत मुश्किल से अपनी जान बचाई, स्टेशन के बाहर मीडिया के कैमरों पर आंखों देखी बता रहे थे। इनमें से कई लोग अत्यधिक भीड़ को इस हादसे का कारण बता रहे थे, तो कई लोग रेलवे प्रशासन को लेकर भी गुस्सा थे। अपना सामान लिए ऐसे कई यात्री थे, जो भगदड़ की वजह से ट्रेन नहीं पकड़ पाए। इसमें वे लोग भी शामिल थे, जो प्रयागराज में कुंभ नहाने के लिए जा रहे थे। चश्मदीदों ने बताया कि भगदड़ न सिर्फ प्लेटफॉर्म बल्कि सीढ़ियों और फुट ओवर ब्रिज पर भी हुई थी। प्रबंधन की कमी, अधिकारियों की उदासीनता भगदड़ का कोई भी कारण हो सकता है, लेकिन मूल है अत्यधिक भीड़ का हो जाना, अत्यधिक भीड़ जहाँ सब प्रबंधन, सब कार्यकुशलता समय के आगे असहाय हो जाती हैं और जीते जागते आदमी की सांसों की डोर टूट जाती है। भगदड़ जैसी स्थिति न हो ऐसे प्रबंध हर उस स्थान पर होने चाहिएं, जहाँ भीड़ बढ़ने की संभावना हो। कुंभ मेले में भगदड़ का कारण भी अत्यधिक भीड़ ही रही, फिर वहाँ दुर्घटना से सीख लेकर व्यवस्थाओं में बदलाव किया गया, लेकिन रेलवे स्टेशन पर ऐसा हो जाएगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। कई चश्मदीदों ने पत्रकारों को बताया कि प्रयागराज स्पेशल ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदलने की वजह से अचानक लोग स्पेशल ट्रेन की तरफ दौड़े और इससे अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, उत्तर रेलवे ने अपने बयान में ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदलने की बात नहीं की है बल्कि उन्होंने यात्रियों के सीढ़ियों से फिसलकर गिरने को घटना की वजह बताया। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता हिमांशु शेखर उपाध्याय ने एक बयान में कहा कि जिस समय यह दुखद घटना घटित हुई, उस समय नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 14 पर पटना की तरफ जाने वाली मगध एक्सप्रेस और प्लेटफॉर्म नंबर 15 जम्मू की तरफ जाने वाली उत्तर संपर्क क्रांति खड़ी थी। इस दौरान फुट ओवरब्रिज से 14 और 15 नंबर प्लेटफॉर्म की तरफ आने वाली सीढ़ियों पर यात्रियों के फिसलकर गिरने से उनके पीछे के कई यात्री इसकी चपेट में आ गए, जिसके कारण यह दुखद घटना घटित हुई। इस हादसे की उच्च सदस्यीय कमेटी द्वारा जांच की जा रही है। डीसीपी रेलवे केपीएस मल्होत्रा ने पत्रकारों को बताया कि कुछ ट्रेन डिले हो गईं थीं और कुछ लोगों ने प्रयागराज जाने के लिए अतिरिक्त टिकट खरीदे थे, जिसकी वजह से भीड़ अधिक इकट्ठा हो गई थी। भीड़ का अंदाजा हमने लगाया था। ये सब दस मिनट के भीतर हुआ। अधिक लोग पहुंचे, दो ट्रेन लेट हो गईं। रेलवे इस घटना की पूरी जांच करेगा, तभी कारण पता चल सकेगा। हालांकि उन्होंने ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदले जाने की पुष्टि न करते हुए कहा कि रेलवे की स्पेशल ट्रेन की घोषणा जरूर हुई थी, लेकिन ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदलने की जानकारी अभी हमारे सामने नहीं आई है, जब उनसे पूछा गया कि शाम ही से भीड़ बढ़ रही थी, ऐसे में सावधानी क्यों नहीं बरती गयी, तो उन्होंने कहा कि शाम छह बजे के आसपास हालात सामान्य थे, एक जगह पर अधिक लोगों की वजह से भगदड़ मची। अफवाह भी भगदड़ का कारण हो सकती है, ये जांच के बाद ही पता चलेगा। रविवार सुबह होते-होते नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन से भगदड़ के निशान मिट चुके थे। भारी पुलिस बल और एंबुलेंसों की मौजूदगी को छोड़ दिया जाए, तो यहां सबकुछ सामान्य दिखाई दे रहा था। आम दिनों की तरह यात्री स्टेशन पर आ रहे थे, इनमें से अधिकतर प्रयागराज कुंभ जा रहे थे। यहां आने वाले कुछ यात्रियों को ये तक नहीं पता था कि बीती रात हुई भगदड़ में लोगों की मौत हो गई है। स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्मों को साफ कर दिया गया है, जो जूते-चप्पल, बैग और सामान छूट गया था, उसे यहां से हटाया जा चुका था। प्रयागराज जाने वाले लोगों के आने का सिलसिला जारी था, हालंकि इसमें कुछ कमी जरूर दिखाई दे रही थी। इससे पहले 29 जनवरी को प्रयागराज के महाकुंभ में भगदड़ मच गयी थी, लोग हताहत हुए। 10 फरवरी 2013 को कुंभ के दौरान प्रयागराज स्टेशन पर भगदड़ मची थी। हादसे में लोग मारे गए थे। अत्यधिक भीड़ तो भगदड़ का मुख्य कारण है ही} इसके अलावा जिसे कई लोग मान रहे हैं वे भी कारण हैं। जैसे प्रयागराज स्पेशल ट्रेन, भुवनेश्वर राजधानी और स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस तीनों ही प्रयागराज जाने वाले थीं। दो ट्रेनें भुवनेश्वर राजधानी और स्वतंत्रता सेनानी लेट थीं। इन तीनों ट्रेनों की भीड़ प्लेटफॉर्म-14 पर थी, जब प्रयागराज स्पेशल ट्रेन यहां पहुंची, तभी अनाउंस हुआ कि भुवनेश्वर राजधानी प्लेटफॉर्म 16 पर आ रही है। सुनते ही 14 पर मौजूद भीड़ 16 की तरफ भागी। कई लोग टिकट काउंटर पर थे। इनमें 90 प्रतिशत प्रयागराज जाने वाले थे। अचानक ट्रेन आने का अनाउंसमेंट हुआ, तो लोग बिना टिकट प्लेटफार्म की तरफ भागे। इससे भगदड़ मची। दो वीकेंड से कुंभ जाने वालों की भीड़ हो रही थी पर स्टेशन प्रशासन ने कोई कंट्रोल रूम नहीं बनाया। शनिवार को भी शाम 7 बजे से भीड़ बढ़ने लगी थी, पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। भीड़ अत्यधिक हो गयी थी, तो सतर्कता भी होनी चाहिए थी, सतर्कता थी नहीं, सावधानी कोई बरतता नहीं, सावधानी हटते ही दुर्घटना घट गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्टेशन पर इतनी भीड़ थी कि पैर रखने की जगह नहीं थी। ट्रेन में लोग ठूंसे हुए थे। चुनिंदा पुलिस वाले दिख रहे थे। पुलिस वाले लोगों से बोल रहे थे कि जान बचानी है, तो लौट जाइए। आप लोगों के पैसे नहीं गए हैं। आपकी जान बची है। भीड़ इतनी अधिक थी कि कन्फर्म टिकट वाले भी डिब्बे में नहीं घुस सके। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैं भी प्रयागराज जा रहा था। दो ट्रेनें पहले से ही देरी से चल रही थीं, कुछ रद्द कर दी गई थीं। इसलिए स्टेशन पर बेतहाशा भीड़ थी। मैंने जिंदगी में पहली बार इस स्टेशन पर इतनी भीड़ देखी। चारा घोटाले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव ने कहा कि यह घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। यह रेलवे का मिसमैनेजमेंट है, जिसके कारण इतने सारे लोगों की जान चली गई। रेल मंत्री को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कुंभ का क्या मतलब है। फालतू है कुंभ। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ से व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। मैं घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। अधिकारी भगदड़ से प्रभावित सभी लोगों की सहायता कर रहे हैं।

चार तीर

सुनील उत्सव

"धर्म" "तालीम" "नफरत" "जमीं"

धर्म की राहों पे चलकर भी भटक जाते हैं क्यों,
अम्न की तालीम भी दिल में उतरती क्यों नहीं?
बैर नफरत के लिए क्या हम जमीं पर आए हैं,
आदमीयत गिर रही है, अब उभरती क्यों नहीं?

नगर पंचायत पुरकाजी में ऐतिहासिक नजारा: चेयरमैन जहीर फारूकी के आह्वान पर हजारों महिलाओं ने किया राष्ट्रगान

मुजफ्फरनगर / पुरकाजी, 16 फरवरी (बुस.)। इतिहास तब बनता है, जब लोग एक साथ मिलकर बदलाव की अलख जगाते हैं और ऐसा ही नजारा देखने को मिला मुजफ्फरनगर जनपद की नगर पंचायत पुरकाजी में। चेयरमैन जहीर फारूकी के नेतृत्व में हजारों महिलाओं ने पहली बार सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति की नई मिसाल पेश की। यह नजारा किसी उत्सव से कम नहीं था, जब पुरकाजी की गलियों से लेकर आयोजन स्थल तक महिलाएं अपने कदमों से इतिहास रचने निकल पड़ीं। देशभक्ति से सराबोर हुए पुरकाजी में महिलाओं ने अभूतपूर्व जोश दिखाया। सुबह से ही नगर की गलियां देशभक्ति के गीतों से गूंज उठीं। हर गली-मौहल्ले से महिलाओं का सैलाब आयोजन स्थल की ओर उमड़ पड़ा। चेहरे पर आत्मविश्वास, दिल में देश के प्रति प्रेम और आंखों में उज्ज्वल भविष्य के सपने—इन भावनाओं के साथ महिलाओं ने अपने कदम आगे बढ़ाए। कार्यक्रम स्थल पर जब हजारों महिलाओं ने एक साथ राष्ट्रगान गाया, तो वह क्षण सिर्फ पुरकाजी ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय बन गया। ऐसा पहली बार हुआ कि इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं ने एक साथ राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। नगर पंचायत पुरकाजी के चेयरमैन जहीर फारूकी ने हमेशा से महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए अलग-अलग पहल की है। यह आयोजन भी उसी कड़ी का हिस्सा था। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां और बहनें सिर्फ घर तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने देश की आजादी में भी योगदान दिया था और आज भी हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रही हैं। हमें अपनी बेटियों को पढ़ाने, उन्हें आगे बढ़ाने और उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लेना होगा। राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम है, और पुरकाजी की महिलाएं इस बदलाव की अगुवाई कर रही हैं। चेयरमैन जहीर फारूकी महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में नगर पंचायत पुरकाजी में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए जल्द ही महिलाओं के लिए विशेष जिम की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने महिलाओं को संदेश दिया कि वे अपनी बेटियों को स्कूल और कॉलेज भेजें, ताकि वे शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने सभी महिलाओं से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं और नगर पंचायत द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने वाली महिलाओं ने कहा कि चेयरमैन जहीर फारूकी जैसा नेतृत्व हर जगह होना चाहिए। एक महिला प्रतिभागी ने कहा कि आज पहली बार हमने इतनी बड़ी संख्या में एक साथ राष्ट्रगान गाया। यह गर्व और सम्मान का क्षण था। हमारे चेयरमैन साहब महिलाओं के लिए जो कर रहे हैं, वो वास्तव में काबिल-ए-तारीफ है। वहीं, एक अन्य महिला ने कहा कि "हमारे नगर में पहली बार महिलाओं के लिए इतने बड़े पैमाने पर कोई आयोजन हुआ। जहीर फारूकी साहब महिलाओं की तरक्की के लिए जो कर रहे हैं, वह सराहनीय है। हमें गर्व है कि हमारा नेतृत्व एक ऐसा इंसान कर रहा है जो महिलाओं की शक्ति को समझता है।" इस भव्य आयोजन की चर्चा अब मुजफ्फरनगर जिलेभर में हो रही है। यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण का संदेश था। चेयरमैन जहीर फारूकी ने सभी महिलाओं और सभासदों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया।

सीएम योगी ने महाकुंभ का किया हवाई सर्वेक्षण

लखनऊ, 16 फरवरी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज में महाकुंभ क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की भीड़ का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। प्रयागराज के जिला अधिकारी रवींद्र कुमार मंदार ने जानकारी दी कि रविवार सुबह तक करीब 59 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया है। पिछले 33 दिनों में लगभग 52 करोड़ श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान किया है। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है। ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित जिला अधिकारी रवींद्र कुमार मंदार ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारू रखी जा रही है। रेलवे प्रशासन के साथ बहुत अच्छा समन्वय है और तीर्थयात्रियों के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने अपील की कि जिन श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर लिया है, वे सकुशल अपने गंतव्य स्थान की ओर रवाना हो जाएं। प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ प्रयागराज महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ अब तक के सभी अनुमान से कहीं अधिक है। सरकार ने जो पूवार्नुमान लगाया था, उसे पीछे छोड़ते हुए अब तक लगभग 52 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई है।

मोक्ष की कामना से श्रद्धालु त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान के लिए आ रहे हैं और यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार शाम सीएम ने एक्स पर लिखा कि "सभी पूज्य संत गणों, आश्रमों और विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील है कि वे भंडारे और प्रसाद वितरण की पवित्र व्यवस्था को अनवरत जारी रखें, ताकि सभी श्रद्धालु इसका लाभ उठा सकें। महाकुम्भ में स्वच्छता बनाए रखना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। सभी श्रद्धालुओं का आह्वान है कि वे स्वयं भी स्वच्छता का पालन करें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। भगवान तीर्थराज प्रयाग की जय!"

महाकुंभ की भव्यता-दिव्यता से संत समाज अभिभूत, सीएम योगी को दिया श्रेय

महाकुंभनगर, 16 फरवरी (वार्ता)। दुनिया के सबसे बड़े अध्यात्मिक और सांस्कृतिक महासमागम महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर संत प्रसन्न होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसकी भव्यता और दिव्यता प्रदान करने का श्रेय दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को प्रयागराज स्थित महाकुम्भ नगर पहुंचे, यहां उन्होंने विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और साधु संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने यहां जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी से भेंट कर महाकुंभ की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके बाद वे सदाफल आश्रम स्थित स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट पहुंचे, जहां उन्होंने साधु-संतों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने संत समाज के साथ संवाद कर महाकुंभ की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और संतों ने योगी सरकार की तैयारियों की सराहना की। संतो ने योगी की अभूतपूर्व महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता वाली व्यवस्था की प्रशंसा की।

काऊ सेंचुरी में गायों के लिए निःशुल्क होम्योपैथिक औषधि उपलब्ध कराई

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बुस.)। मुजफ्फरनगर के पुरकाजी स्थित काऊ सेंचुरी में लायंस क्लब मुजफ्फरनगर प्रयाग एवं लायंस क्लब मुजफ्फरनगर उन्नति के संयुक्त तत्वाधान में गायों के लिए निशुल्क होम्योपैथिक औषधि उपलब्ध कराई गई, वहीं 500 वृक्षों का रोपण भी किया गया। प्रसिद्ध वेटरनरी होम्योपैथिक दवाइयां की कंपनी डॉक्टर जोंस के द्वारा होम्योपैथिक दवाइयों की व्यवस्था की गई। मुख्य अतिथि एवं को सेंचुरी के अध्यक्ष प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति कुश पुरी ने अपने संबोधन में काऊ सेंचुरी के बारे में बताते हुए भविष्य में होने वाली सभी योजनाओं के बारे में बताया। क्लब के द्वारा उन्हें तथा उनकी धर्मपत्नी अंशु पुरी को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पीएमजेएफ लायन लावण्यपुरी, लायन कमल गोयल, प्रिंसिपल सेक्रेटरी लायन अजय अग्रवाल सीए, रीजन चेयरपर्सेन लायन अतुल एरन, सचिन लायन अमित मित्तल, जॉन चेयरपर्सन लायन डॉ. विवेक कुमार, प्रेसिडेंट लायन मनीष बंसल सीए, प्रेसिडेंट लायन अजय भारती, लायन शैलेंद्र सिंह, सचिव लायन मनीष गर्ग, बीपी प्रथम लायन राजेश गर्ग, लायन मनप्रीत सिंह खुराना, लायन विशाल जैन, काऊ सेंचुरी के वेटरनरी सर्जन डॉ. राजन, मैनेजर श्री मोंटी, डॉ. जॉन कंपनी के जेडएसएम अरुण आर्य, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव सुमित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

नन्हें बच्चों को मोबाइल से मैदान के खेलों में उतारने पर होता है शारीरिक व मानसिक विकास : अंकुर दुआ

- द लर्निंग ट्री स्कूल में मम्मियों को दी सलाह बच्चों को दूध व खाना खिलाते समय मोबाइल का ना करें प्रयोग

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। गांधी कॉलोनी में स्थित द लर्निंग ट्री स्कूल के खेल महोत्सव का आयोजन लिंक रोड स्थित एक बैंकेट हॉल में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नन्हें बच्चों से लेकर उनके माता-पिताओं ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें नन्हें-नन्हें बच्चों को अतिथियों ने सम्मानित किया। इस दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे आईसक्रीम रेस, ट्रक पिकअप रेस, बैलेंसिंग रेस इत्यादि का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय आये बच्चों को अतिथियों द्वारा गोल्ड व सिल्वर मैडल देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए बुलेटिन सम्पादक व पंजाबी समाज के अध्यक्ष अंकुर दुआ ने कहा कि सर्वप्रथम वें ऐसी शिक्षिकाओं को नमन करते हैं, जो इस उम्र के बच्चों को बड़े संयम के साथ उन पर नियंत्रण करने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया का सबसे मुश्किल काम प्री स्कूल चलाना है, क्योंकि इसमें 2 से 3.5 साल के बच्चें ही नई-नई एक्टीविटिज करने के लिए पढ़ाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि आजकल किसी को ज्ञान देने से कोई लाभ तो होता नहीं, मगर फिर भी अगर यहां मौजूद मम्मियां यदि अपने बच्चों के लिए एक त्याग कर लें तो वह भी सराहनीय होगा।

सिर्फ अपने बच्चों को दूध देते समय व खाना खिलाते समय उनसे मोबाइल दूर रखें, अपनी सहूलियत के लिए जो मम्मियां ऐसा कर रही हैं, वें अपने बच्चों के साथ धोखा कर रही हैं। रिचर्स के मुताबिक यदि इसी तरह 2.5 से 3 साल के बच्चों को यदि घंटों-घंटों के लिए मोबाइल दिया जायेगा, तो दस वर्ष के अन्दर उनकी आंखों पर चश्मा हर हाल में लगा दिखाई देगा और बच्चों की मानसिक हालत पर भी इसका असर पड़ेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्या सुगन्धा कपूर द्वारा किया गया। आये हुए अन्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन से बच्चों व शिक्षिकाओं का उत्साहवर्द्धन किया।

अतिथियों के रूप में पंजाबी समाज के वरिष्ठ संरक्षक सुखदर्शन बेदी, सभासद अमित पटपटिया, हाउसिंग सोसायटी के चेयरमैन पवन छाबड़ा, ओम प्रकाश अरोरा, प्रो. केजी अरोरा आदि मौजूद रहे।

शाहपुर में पुलिस एवं नगर पंचायत की सख्ती के चलते कामयाब रही साप्ताहिक बंदी

शाहपुर, 16 फरवरी (बु.)। शाहपुर में रविवार को साप्ताहिक बंदी पर पुलिस व नगर पंचायत में सख्ती दिखाते हुए बाजार को पूर्णतया बंद कराया कुछ दुकानदारों ने दुकान खोलने का प्रयास किया, लेकिन सूचना मिलते ही पुलिस व नगर पंचायतकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर चेतावनी देते हुए दुकान बंद कराई। कस्बे में नगर पंचायत व पुलिस प्रशासन की सख्ती के चलते साप्ताहिकबंदी का पूर्ण असर रहा। कस्बे में रविवार को साप्ताहिक बंदी का दिन निर्धारित है। पिछले कई वर्षों से कस्बे में साप्ताहिक बंदी नहीं हो रही थी। हाल ही में जिलाधिकारी ने जनपद में साप्ताहिक बंदी को लागू करने के आदेश दिए थे। डीएम के निर्देश के बाद रविवार की सुबह नगर पंचायत कर्मियों के अलावा पुलिस प्रशासन के लोगों ने कस्बे में घूम कर खुली दुकानों के स्वामियों को चेतावनी देते हुए उनकी दुकान बंद कराई। इसके अलावा पुलिस प्रशासन के कर्मियों ने कुछ दुकानों की वीडियो भी बनाई। पुलिस प्रशासन के वीडियो बनाने से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कस्बे में पान, बीड़ी व सिगरेट तक की दुकान बंद रही। पुलिस प्रशासन व नगर पंचायतकर्मियों की सख्ती के चलते कस्बे में साप्ताहिक बंदी का पूर्ण असर देखने को मिला। शाहपुर सहित पूरे जनपद में काफी लंबे समय से साप्ताहिक बंदी बेअसर थी। साप्ताहिक बंदी का कोई पालन नहीं हो रहा था। डीएम उमेश मिश्रा ने पिछले दिनों जनपद के सभी कस्बों की साप्ताहिक बंदी का आदेश दिया था। सप्ताह के अलग-अलग दिनों में कस्बो में साप्ताहिक बंदी का चार्ट भी जारी किया था, जिसमें शाहपुर में रविवार को साप्ताहिक बंदी जो कि पूर्व से ही निर्धारित है। शनिवार को नगर पंचायत द्वारा अनाउंसमेन्ट कराकर रविवार को नगर में साप्ताहिक बंदी रखने की सूचना दी थी। रविवार सुबह सवेरे से ही नगर पंचायत कर्मचारी व पुलिस टीम ने कस्बे में भ्रमण करना शुरू कर दिया। कुछ दुकान खुली मिलने पर पुलिस व नगर पंचायत की टीम ने पहुंचकर चेतावनी देते हुए दुकानों को बंद कराया। रविवार को साप्ताहिक बंदी पर पूर्णतया बाजार बंद रहा।

दुकान बिकाऊ है
दो दुकानें पहली मंजिल पर ,तहसील मार्किट, भगत सिंह रोड पर बिकाऊ हैं। दुकान का साईज 8.5 x 17 का है।
सम्पर्क करें-
M.9760521644

संस्कार व अनुशासन सफलता की वास्तविक सीढ़ी: विकल्प

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। नई मंडी स्थित विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता एवं पूर्व सभासद विकल्प जैन ने कहा कि संस्कार और अनुशासन सफलता की सीढ़ी हैं। उन्होंने संस्कृति और संस्कार आधारित शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षकों एवं बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति व सभ्यता के साथ महापुरुषों के जीवन से जोड़ने का काम करना चाहिए, क्योंकि आज के ये बालक कल के भारत का भविष्य हैं। इस दौरान उन्होंने बच्चों द्वारा दी गई मंचीय प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर रामलीला मंचन के साथ बच्चों का अभिनय खास रहा, ऐसे ही कार्यक्रम बच्चों को अपनी संस्कृति, देश और समाज से जोड़ते हैं। नई मंडी पटेल नगर स्थित नव भारती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव अवसर पर पूर्व सभासद विकल्प जैन और वरिष्ठ समाजसेवी एवं श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति के मुख्य प्रबंधक अनिल कुमार ने विधिवत रूप से फीता काटते हुए दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों ने अनोखे अंदाज में अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया, जो दिल जीतने वाला रहा। विद्यालय प्रधानाचार्य दीपक अरोड़ा ने मुख्य अतिथियों विकल्प जैन और अनिल कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजित किए कार्यक्रमों में प्ले क्लास के बच्चों ने चंदा ने पूछा तारों से गीत के बीच पेरेंट्स को तिलक किया। वहीं हनुमान चालीसा, राधिका गोरी से मीठे रस से जैसे कार्यक्रम ने सभी पेरेंट्स का मन मोह लिया। टिक टिक कार्यक्रम द्वारा बच्चों द्वारा दर्शाया गया कि किस प्रकार प्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य व समाज के लिए हानिकारक है। इन बच्चों ने सभी को प्लास्टिक के उपयोग से दूर रहने और इसे त्यागने का संदेश देते हुए जागरुक किया। आरंभ है प्रचंड पहाड़ी गीत जैसे कार्यक्रम ने सभी को जोश एवं उत्साह का अनुभव कराया। इसके साथ ही रामलीला मंचन विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा।

कार को बस ने रौंदा, महिला सहित तीन की मौत

अलीगढ़, 16 फरवरी (एजेंसी)। अलीगढ़ जिले में यमुना एक्सप्रेस वे पर टप्पल थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बस ने कार को पीछे से जबरदस्त ठोकर मार दिया। जिससे कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में जम्मू कश्मीर के रहने वाले श्रद्धालु वेन्यू कार में सवार होकर प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने के लिए गए हुए थे। जहां से वापस लौट कर अपने घर जम्मू कश्मीर जा रहे थे। इसी दौरान यमुना एक्सप्रेसवे पर इंटरचेंज के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बस ने ठोकर मार दिया। जिससे कार सवार पांच लोगों में तीन की दर्दनाक मौत हो गई। वही दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार सवार सभी श्रद्धालुओं को नजदीकी कैलाश अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने तीन श्रद्धालुओं को मृत घोषित कर दिया है। वही दो का इलाज जारी है।क्रेन के जरिए दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से किनारे करवा कर रास्ता बहाल कराया गया। नानक नगर जम्मू मकान नंबर 70 सेक्टर 14 के रहने वाले पदम पुत्र सतगुरु प्रकाश उम्र 67 वर्ष, जम्मू के त्रिकुटा नगर मकान नंबर 35 वार्ड नंबर 53 के रहने वाले युद्धवीर पुत्र रामचंद्र गुप्ता,सविता पत्नी बीआर शर्मा उम्र 65 वर्ष, मकान नंबर 31 सेक्टर 2 एक्स्ट्रा त्रिकुटा जम्मू की मौत हो गई है।

अब 20 फरवरी को नई मंडी में होंगे भगवान बद्रीनाथ के दर्शन

- उमा लहरी व बंटु भैया करेंगे बाबा की महिमा का गुणगान

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। आगामी 20 फरवरी को श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के बीच नई मंडी स्थित श्री रामलीला भवन में भक्ति संगीत की धूम रहेगी। उक्त संबंध में लखदातार दीवाने समिति के पदाधिकारियों ने रविवार को मीडिया से वार्ता करते हुए इस श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन की विस्तार से जानकारी दी। नई मंडी में मीडिया से वार्ता करते हुए लखदातार दीवाने समिति के अध्यक्ष कमल सिंघल, सचिव सौरभ बंसल व कोषाध्यक्ष आशीष जैन ने बताया कि 20 फरवरी की नई मंडी स्थित श्री रामलीला भवन में श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शाम साढ़े सात बजे किया जाएगा, जिसमें जयपुर से उमा लहरी, नजफगढ़ से बंटु भैया एवं पहाड़गंज से सुरेश चंद्र गुप्ता द्वारा श्री श्याम बाबा का गुणगान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के मुख्य आकर्षण बाबा बद्रीधाम के भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, 56 भोग एवं श्याम रसोई के साथ पुष्प वर्षा आदि रहेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से समिति से जुड़े कमल सिंघल, सौरभ बंसल, आशीष जैन, विपिन गुप्ता, अनुज सिंघल, राजीव जैन, लखन सिंघल, नितिन सिंघल, पुनीत गुप्ता, गौरव गौतम, ईशान गर्ग, शिवम शर्मा, अभय सिंघल, अर्चित सिंचल, आशु सिंघल, अमन गुप्ता, गौरव जैन, निकुंज गौयल, लविश सिंघल, शोभित जैन, यशु गोयल, शुभम बंसल, राहुल गर्ग एवं श्याम गुप्ता आदि सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आवश्यकता है।
सुरेंद्रनगर , जानसठ रोड पर घर के लिए एक खाना बनाने वाली महिला की आवश्यकता है।
अति शीघ्र संपर्क करें।
मिलने का समय:-
सुबह 9:00 से दोपहर 2:00 बजे।
M.9837888816

जो बारातों में अक्सर रौशनी का बोझ ढोते हैं, उन्हीं बच्चों को बारातों में खाना तक नहीं मिलता

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बुस.)। जनपद के अग्रणी प्रकाशन, सहज प्रकाशन एवं सकल साहित्य समाज जनपद मुजफ्फरनगर के संयुक्त तत्वावधान में अरोमा पैलेस, लिंक रोड पर भव्य साहित्य समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ गजलकार सुरेन्द्र कुमार वत्स के गजल संग्रह दरपन के उस पार एवं डॉ. अरविंद कुमार की आलोचनात्मक कृति मोहन राकेश के साहित्य में आधुनिक जीवन की विसंगतियां का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. आरएम तिवार

अमेरिका का सैन्य विमान 119 अवैध अप्रवासी भारतीयों को लेकर अमृतसर पहुंचा

अमृतसर 16 फरवरी (वार्ता) संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों को सैन्य विमान से वापस भेजे जाने के दस दिन बाद, 119 और अवैध अप्रवासी भारतीयों को लेकर शनिवार रात 11:40 बजे अमृतसर के गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। दूसरे जत्थे के तौर पर अमृतसर पहुंचे 119 लोगों में 67 पंजाबी शामिल हैं।

इनमें गुरदासपुर से 11, होशियारपुर से 10, कपूरथला से 10, पटियाला से सात, अमृतसर से छह, जालंधर से पांच, फिरोजपुर से चार, तरनतारन से तीन, मोहाली से तीन, संगरूर से तीन, रोपड़ से एक, लुधियाना से एक, मोगा से एक, फरीदकोट से एक और फतेहगढ़ साहिब से एक शामिल है। अमेरिका का एक और सैन्य विमान 157 प्रत्यर्पित भारतीयों के तीसरे जत्थे को लेकर आज रात गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरेगा। इनमें पंजाब से 54, हरियाणा से 60, गुजरात से 34, उत्तर प्रदेश से तीन, महाराष्ट्र से एक, राजस्थान से एक, उत्तराखंड से एक, मध्य प्रदेश से एक, जम्मू-कश्मीर से एक और हिमाचल प्रदेश से एक प्रवासी शामिल है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में हताहतों को मुआवजा

नयी दिल्ली, 16 फरवरी (वार्ता) राजधानी के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात भगदड़ में हताहत लोगों के लिए रेलवे ने मुआवजा देने की घोषणा की है। उत्तर रेलवे के मुख्य प्रवक्ता ने आज सुबह यहां बताया कि कल रात भगदड़ की घटना के प्रभावित लोगों को मुआवजे की घोषणा की गई है और धनराशि वितरित भी की जा रही है। प्रवक्ता के अनुसार मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जा रहा है जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों को ढाई ढाई लाख रूपये और मामूली रूप से घायल लोगों को एक एक लाख का मुआवजा दिया जा रहा है। हालांकि प्रवक्ता ने हताहतों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इस बारे में पूछने पर कहा कि पूरी घटना की आधिकारिक जानकारी साझा की जाएगी।

पश्चिमी माली में सोने की खदान ढहने से 48 लोगों की मौत

बामकाओ, 16 फरवरी (वार्ता) पश्चिमी माली में शनिवार को एक 'अवैध रूप से संचालित सोने के खनन स्थल' के ढह जाने से कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई। जिनमें से अधिकांश महिलाएं है। मामले की लगातार जानकारी रख रहे प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। यह त्रासदी कायेस क्षेत्र के केनीबा जिले में स्थित डाबिया कम्यून के एक गांव बिलालकोटो में हुई। एक स्थानीय अधिकारी ने कहा कि एक कैटरपिलर मशीन कथित तौर पर एक कारीगर खदान पर गिर गई, जहां महिलाओं का एक समूह सोने की तलाश में काम कर रहा था। अधिकारी और अन्य गवाहों ने पुष्टि की कि 48 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लगभग 10 गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

बसपा का उत्तराधिकारी वही, जो पार्टी को आगे बढ़ाने में जी जान से लगा रहे : मायावती

लखनऊ 16 फरवरी (वार्ता) बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उत्तराधिकारी को लेकर एक बार फिर हवा देते हुये पार्टी सुप्रीमो मायावती ने रविवार को कहा कि उनके जीवनकाल में पार्टी का उत्तराधिकारी वहीं बनेगा जो पार्टी व मूवमेन्ट को आगे बढ़ाने में पूरे जी-जान से लगातार लगा रहे। सुश्री मायावती ने एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा बसपा, देश में बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी आत्म-सम्मान व स्वाभिमान के कारवाँ को सत्ता तक पहुँचाने हेतु, मान्यवर श्री कांशीराम जी द्वारा सब कुछ त्यागकर स्थापित की गई पार्टी व मूवमेन्ट, जिसमें स्वार्थ, रिश्ते-नाते आदि महत्वहीन अर्थात बहुजन-हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा - इसी क्रम में श्री कांशीराम की शिष्या व उत्तराधिकारी होने के नाते उनके पदचिन्हों पर चलते हुए मैं भी अपनी आखिरी सांस तक हर कुर्बानी देकर संघर्ष जारी रखूंगी ताकि बहुजन समाज के लोग राजनीतिक गुलामी व सामाजिक लाचारी के जीवन से मुक्त होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

गडकरी ने सपरिवार किया त्रिवेणी स्नान

महाकुंभनगर, 16 फरवरी (वार्ता)केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सपरिवार त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर माँ गंगा, माँ यमुना और माँ सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सनातन परंपराओं की भव्यता को नमन करते हुए कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति की एकता और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। यह आयोजन हमें हमारी जड़ों से जोड़ता है और पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। आस्था, अध्यात्म और सनातन परंपराओं के भव्य संगम महाकुंभ में उन्होंने कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मूर्त रूप देने वाला अवसर है, जहाँ संपूर्ण देश के लोग एक आस्था और संस्कृति में बंधे होते हैं।

रविवार को महाकुंभ में 1.49 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

प्रयागराज, 16 फरवरी (एजेंसी)। फाल्गुन में भी त्रिवेणी स्नान करने वालों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ से मेला क्षेत्र पट गया। शाम तक स्नान घाटों पर तिल धरने की जगह नहीं बची। स्नान करने आने वाले श्रद्धालु भी इस विराट सनातन समागम को देखकर हतप्रभ हैं। दूर-दराज से श्रद्धालु लगातार यहां पहुंच रहे हैं। उनका कहना है कि ना ऐसा मेला कहीं देखा, न ऐसा कोई त्यौहार दिखा। यह अपने आप में अनूठा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक रविवार को शाम छह बजे तक एक करोड़ 49 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। बस्ती के नितिन विश्वकर्मा परिवार के नौ लोगों के साथ यहां पहुंचे हैं। उनकी मां गायत्री भी साथ हैं। नितिन का कहना है कि परिवार के लिए पहला कुंभ स्नान है। 144 साल के मुर्हुत की बात सुनकर उन्होंने यहां परिवार के साथ आने का फैसला किया। पूर्णिमा तक भीड़ खत्म होने का इंतजार किया। किसी तरह शनिवार को यहां पहुंचे। यहां भीड़ देख उनकी हिम्मत छूट गई लेकिन, गंगा मइया का नाम लेकर पैदल ही चल पड़े। रविवार शाम को स्नान कर सके। उनका कहना है कि आज तक उन्होंने ऐसा मेला नहीं देखा। बंगलुरू से रमेश अपने दोस्तों के साथ यहां पहुंचे हैं। सोशल मीडिया पर महाकुंभ के प्रचार उनको यहां तक खींच लाया। उनका कहना है कि भीड़ से जुझते किसी तरह मशक्कत करके दोस्तों के साथ डुबकी लगा सके।

बागपत में दो दोस्तों ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

बागपत, 16 फरवरी (एजेंसी)। बड़ौत में दिल्ली-सहारनपुर वाया शामली रेलमार्ग पर दो दोस्तों ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। एक ट्रेन के लोको पायलट की सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने पहचान के बाद शवों को टुकड़ों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद दोनों घरों में मातम छा गया है। मृतक अरुण तोमर उर्फ छोटू (23) पुत्र प्रेम सिंह निवासी कोताना रोड और शिवम उर्फ भूरा (23) पुत्र जगमाल निवासी छपरौली रोड थे। ये दोनों जेसीबी ट्रैक्टर के माध्यम से जगह-जगह मिट्टी भराव का कार्य साथ में करते थे। दोनों ही अच्छे दोस्त थे। रविवार तड़के दोनों ने दिल्ली-शामली रेलमार्ग पर गेट संख्या 147ए पर (रेलवे स्टेशन के पास) ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। शामली से दिल्ली जाने वाली 64020 ट्रेन के लोको पायलट ने ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना रेलवे स्टेशन अधिकारियों को दी। इस सूचना पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। शवों की शिनाख्त के बाद पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद से दोनों के परिवारों में मातम पसरा हुआ है।

राम मंदिर की सालाना आय 700 करोड़

लखनऊ, 16 फरवरी (एजेंसी)। पर्यटकों व श्रद्धालुओं की पहली पसंद बन रही रामनगरी रोजाना नए-नए रिकॉर्ड बना रही है। राम मंदिर सालाना आय के मामले में देश का तीसरा सबसे बड़ा मंदिर बन चुका है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक अयोध्या में 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालु व पर्यटक पहुंच चुके हैं। मंदिर की सालाना आय 700 करोड़ के पार पहुंच चुकी है। सालाना आय के मामले में राम मंदिर ने स्वर्ण मंदिर, वैष्णो देवी व शिरडी साईं मंदिर को पीछे छोड़ दिया है। अयोध्या उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रही है। वर्तमान में अयोध्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या लगभग दो से पांच लाख के बीच है, जिसके लिए सर्वसुलभ दर्शन एवं ठहराव की व्यवस्था करना एक महत्वपूर्ण चुनौती हो गई है। श्रद्धालुओं के बढ़ते हुए प्रवाह के कारण ही आज अयोध्या का राम मंदिर भारत के 10 महत्वपूर्ण मंदिरों में धार्मिक दान अर्जित करने वाली सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। राम मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु निधि समर्पित करते हैं। इसके अलावा सोना-चांदी भी अर्पित करते हैं। उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इकोनॉमिक एसोसिएशन के महासचिव प्रो. विनोद श्रीवास्तव बताते हैं कि एक अध्ययन एवं अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 -25 में आंध्र प्रदेश के तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर की वार्षिक दान राशि लगभग 1500 से 1650 करोड़ रही । द्वितीय स्थान पर केरल तिरुवंतपुरम का श्री पद्मनाभम स्वामी मंदिर है जिसका वार्षिक कलेक्शन लगभग 750 से 850 करोड़ रुपये है। रामनगरी आ रही श्रद्धालुओं की भीड़ से दान का रिकॉर्ड भी टूट रहा है। महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। राम मंदिर में रोजाना चार लाख श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर रहे हैं। यह सिलसिला मकर संक्रांति से ही चल रहा है। मंदिर ट्रस्ट कार्यालय के प्रभारी प्रकाश गुप्ता बताते हैं कि ट्रस्ट के 10 दान काउंटर पर रोजाना दस लाख रुपये से ज्यादा का दान चढ़ रहा है। अनुमान के मुताबिक महाकुंभ के एक माह में लगभग 15 करोड़ से ज्यादा का दान जमा हुआ है। इसमें रामलला के सामने रखे छह दानपात्रों में दी गई धनराशि भी शामिल हैं।

नालों का किया चेयरपर्सन ने औचक निरीक्षण

▸ नालों पर अतिक्रमण को देख लगाई अफसरों को फटकार

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। नगरपालिका परिषद् द्वारा जल निकासी और सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाने के साथ व्यवस्था में सुधार के प्रति दृढ़प्रतिज्ञ है। इसी कड़ी में रविवार को बाजारों में अवकाश के दिन नालों व बड़ी नालियों की सफाई का अभियान चलाया गया। इस कड़ी में रविवार को नई मंडी क्षेत्र में साप्ताहिक अवकाश के बीच नाला गैंग को लगाकर सफाई कार्य शुरू कराया गया। पालिका टीम द्वारा जानसठ रोड स्थित टिकैत चौक के पास नाला सफाई कार्य का जायजा लेने के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने निरीक्षण किया। उन्होंने नाला गैंग के सफाई कर्मियों से सफाई कार्य तली झाड़ करने के लिए कहा, कई स्थानों पर उन्होंने देखा कि नाली और नाले पर सीसी स्लैब डाले गये हैं, इनके सहारे ही अतिक्रमण भी किया जा रहा है। यह देखकर उन्होंने व्यापारियों के कार्य के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सीसी स्लैब होने के कारण सफाई कार्य नहीं हो पाता और इससे कूड़ा अटका रहने से जल निकासी भी अवरुद्ध होती है। ऐसे में व्यापारियों ने अतिक्रमण को हटाने के साथ सीसी स्लैब हटवाकर वहां लोहे के खुलने वाले जाल लगाने की अपील की। उन्होंने नाले-नालियों में कूड़ा करकट लबालब देखकर चेताया कि दुकानदार या व्यापारी अपनी दुकानों का कूड़ा नालों में न डालकर डस्टबिन रखें और कूड़ा वाहनों को यह कूड़ा दें तो नालों को गन्दगी से बचाया जा सकेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इस कार्य व्यवहार में भविष्य में बदलाव नहीं किया गया तो ऐसे व्यापारियों को चिन्हित करते हुए पालिका जुर्माना लगाते हुए वसूली किए जाने का भी काम करेगी। चेयरपर्सन ने टिकैत चौक से नई मंडी तक नाला सफाई कार्य का निरीक्षण करने के साथ स्थानीय लोगों से मिलकर सफाई कार्य में सहयोग करने की अपील की और व्यापारियों से सहयोग मांगते हुए कहा कि ये शहर हम सभी का है इसे मिलकर ही हम सुन्दर एवं स्वच्छ बना पायेंगे। इस दौरान भाजपा नेता सुनील तायल और व्यापारी नेता शलभ गुप्ता चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के साथ मौजूद रहे।

तापमान में बढ़ोतरी का क्रम जारी, आसमान में छाए बादल, 20 से बारिश के आसार

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। यूपी में बीते कई दिनों से बदलते मौसम के चलते तापमान में बढ़ोतरी के साथ तेज धूप और हवाओं के बढ़ रहे दबाव से लोगों का बुरा हाल कर दिया है। कहना गलत न होगा, इसके कारण यूपी समेत देश के ज्यादातर राज्यों में सर्दियों का मौसम जाने वाला है। ऐसे में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होने से ठंड का असर कम होने के साथ लोगों को गर्मी का अहसास होने लगा है। इन्हीं हालातों के बीच रविवार को नगर में दिन का तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। यह शनिवार में 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

मौसम विभाग के मुताबिक तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के साथ ही रात का तापमान भी बढ़ने लगा है। पिछले कुछ दिनों तेज पछुआ हवा चलने से हालांकि ठंडक बढ़ गई थी। लेकिन, शनिवार में हवाओं में हुई गिरावट से तापमान में वृद्धि हुई है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में मौसम में लगातार आए उतार-चढ़ाव एवं दिन में तेज हवाओं के चलने पूर्व में हुई ठंडक में वृद्धि फिर से कम होने लगी है, तो कभी-कभी हवाओं के बंद होने से तापमान में वृद्धि हो जाती है। तापमान में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव से लोगों को सतर्क रहने की डॉक्टरों और मौसम विज्ञान विभाग ने भी एडवाइजरी जारी की हैं। मौसम विभाग का कहना है कि एक बार फिर आने वाले दिनों में तेज रफ्तार हवाओं का क्रम बंद होने के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश हो सकती है, साथ ही अधिकतम व न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहा है कि उत्तर प्रदेश में चल रही पश्चिमी हवाओं का सिलसिला समाप्त हो जाने के बाद तापमान में हल्की वृद्धि होने के साथ तीन दिन के बाद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ ही हल्की बारिश होने की संभावना है। इन हालातों के बीच रविवार सायं को भी बादल छाने से बारिश होने से लोगों को चिंता बढ़ी। मौसम विभाग ने प्रदेश में 17 से लेकर 19 फरवरी तक मौसम साफ बने रहने की उम्मीद है। वहीं, प्रदेश में 20 फरवरी को आसमान में बादल छाने के साथ कहीं-कहीं हल्की व मध्यम बारिश भी हो सकती है। जबकि इस दौरान पूर्वी यूपी में मौसम साफ बना रहेगा।

संधावली अंडर बाईपास के रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने वाले को परिजनों के साथ घर भेजा

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। शनिवार को संधावली अंडर बाईपास पर पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर जीवित लेटे खालापार के एक युवक को बचा लिया था। दबे पांव पुलिस रेलवे ट्रैक पर पहुंची तो खालापार निवासी आरिफ वहां लेटा हुआ था। पुलिस द्वारा जब आरिफ को उठाया गया तो उसने बताया कि वह अपनी जिंदगी से परेशान है, उसके ऊपर 25 हजार का कर्ज हो गया है और कर्जदार उसे मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं और फिलहाल उसके पास कर्ज उतारने के लिए पैसे नहीं हैं। इस पर पुलिस डांट-फटकारकर थाना सिविल लाइन ले आई थी, जिसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों को फोन कर थाने बुला लिया था। थाने पहुंचने पर पुलिस ने परिजनों को सख्ती से समझाया कि जैसे तैसे उसका कर्ज उतरवाने का काम करें। परिजनों को समझाने के बाद आरिफ को उनके साथ भेज दिया गया।

देश में पहली बार नवजात की आर्टिफिशयल स्किन सर्जरी

इंदौर, 16 फरवरी (एजेंसी)। एमपी के इंदौर में नवजात की आर्टिफिशयल सर्जरी कर डाक्टरों ने इतिहास रच दिया है। देश में ऐसा पहली बार हुआ है कि 15 दिन के बच्चे की इस तरह से दो सर्जरी की गई है। बच्चे को जानलेवा इन्फेक्शन होने के कारण पूरी पीठ व निचले हिस्से की त्वचा काली पड़ गई। जो धीरे-धीरे जख्म का रूप लेकर फैलने लगी। बच्चे की पीठ पर बड़ा गड्ढा हो गया, जिसके बच्चे को एक करवट पर लेटाकर इलाज करना पड़ा। बताया गया है कि शिप्रा निवासी पंकज व सीमा जलवाया के नवजात बच्चे सार्थक को जन्म के 6 दिन बाद से ही बुखार आने लगा, वह दूध नहीं पी रहा था। शरीर पर सूजन लगातार बढ़ती जा रही थी। जिसके चलते परिजनों ने सीहोर के एक हास्पिटल में दिखाया, जहां पर डाक्टरों ने दो दिन तक आईसीयू में रखकर इलाज किया लेकिन आराम नहीं मिला। इसके बाद परिजन बच्चे को लेकर इंदौर के बारोड अस्पताल पहुंचे। जहां पर डाक्टरों ने देखा तो बच्चे का सीना पूरी तरह लाल हो गया था, पीठ का 80 प्रतिशत हिस्सा संक्रमित होकर सूज गया था। डाक्टरों के पूछने पर माता-पिात ने बताया कि सर्दी होने के कारण सिकाई की थी।

डॉक्टरों ने जाना कि सिकाई से ऐसा संक्रमण तो नहीं हो सकता है बल्कि हाइजीन न रखने या फिर आईसीयू में वहा भरती रहा, जिससे इंफेक्शन हो सकता है। बच्चे की पीठ से पस निकलना शुरू हुआ तो उसे दवाईयों से भी कंट्रोल करने की कोशिश की लेकिन हड्डी दिखने लगी थी। जांच रिपोर्ट में जो संक्रमण सामने आया है वह साधारण न होकर एबनॉर्मल इन्फेक्शन (सिनर्जिस्टिक बैक्टीरियल गैंग्रीन विद सेप्टीसीमिया) निकला। इस इन्फेक्शन ने उसे चपेट में ले लिया था। उसका ब्लड काउंट 29 हजार तक पहुंच गया था। रिपोर्ट आने के बाद डॉक्टरों को इलाज की दिशा मिली। परिजनों की सहमति के बाद बच्चे की दो सर्जरी की गई। जो 4-4 घंटे तक चलीं। इसके बाद 40 हजार रुपए की मेट्रिडर्म (आर्टिफिशियल स्किन) का उपयोग किया गया।

प्रशासन की सख्ती का नई मंडी में दिखा असर, बंद रहे बाजार

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। डीएम उमेश मिश्रा की पहल पर जनपद में शुरू साप्ताहिक बंदी रविवार को काफी हद तक सफल साबित रही, हालांकि इस बीच मंगलवार को नगर क्षेत्र में हुई फजीहत के बाद अफसरों को सख्त कदम उठाने के लिए सड़कों पर उतरना पड़ा, जिसके चलते नई मंडी, गांधी कॉलोनी समेत जिला प्रशासन की ओर से तय क्षेत्र में अधिकांश प्रतिष्ठान इस बीच बंद रहे। इक्का-दुक्का दुकानदारों ने सुबह अपनी दुकान खोल ली, उन्होंने भी पुलिस की सख्ती के चलते शटर गिराने में ही अपनी भलाई समझी। जिसके चलते बाजारों में साप्ताहिक बंदी सफल साबित रही।

जनपद में शुरू साप्ताहिक बंदी की व्यवस्था का दुकानदारों द्वारा अधिकांश क्षेत्रों में पालन किया। हालांकि सुबह के समय पूर्व की भांति 11 बजे तक तो अधिकांश बाजारों में दुकानों के शटर गिरे रहे, लेकिन एक दूसरे को देखते हुए कुछ इलाकों में दुकानदारों ने बाजार खोलने की पहल की, पर कुछ देर बाद सथानीय पुलिस के सड़कों पर उतरने के साथ ही दुकानों शटर गिरते चले गए। कहना गलत न होगा कि नगर में अधिकांश दुकानदार एक-दूसरे दुकानदार की देखा देखी अपनी दुकानों को खोलकर साप्ताहिक बंदी का मजाक बनाते हैं। ऐसे दुकानदारों का कहना है कि उक्त साप्ताहिक बंदी में जब कोई भी दुकानदार चोरी-छिपे दुकान को खोलता है तो दूसरे दुकानदार को अपनी दुकान खोलने का लालच आ जाता है। जिसके चलते देखा देखी ही फिर सारा बाजार खुल जाता है।

दिल्ली में यमुना का सफाई अभियान शुरू

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान यमुना नदी की सफाई का वादा किया था। भाजपा की जीत के बाद सरकार गठन से पहले ही इस पर काम शुरू हो चुका है। रविवार को राजधानी दिल्ली में यमुना नदी की सफाई के लिए ट्रैश स्कीमर, वीड हार्वेस्टर और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट जैसी आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल किया गया। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को मुख्य सचिव और अतिरिक्त मुख्य सचिव से मुलाकात की और उन्हें तुरंत काम शुरू करने को कहा। यमुना नदी की सफाई से जुड़े वीडियो शेयर करते हुए उपराज्यपाल कार्यालय ने बताया कि यमुना नदी की सफाई का काम शुरू हो चुका है। कचरा उठाने, खरपतवार निकालने और अन्य गंदगी को हटाने के लिए स्किमर और ड्रेज यूटिलिटी क्राफ्ट जैसी मशीनों के जरिये यमुना की सफाई की जा रही है। यमुना नदी की सफाई के लिए चार सूत्री रणनीति बनाई गई है। सबसे पहले यमुना के पानी में जमा कचरा, कूड़ा और गाद को हटाया जाएगा। वहीं नजफगढ़ नाला, सप्लीमेंट्री नाला और अन्य सभी प्रमुख नालों की सफाई का काम भी शुरू हो जाएगा। तीसरी रणनीति में मौजूद सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की क्षमता और उत्पादन पर रोजाना निगरानी रखी जाएगी। वहीं, चौथी रणनीति के तहत नई एसटीपी और डीएसटीपी के निर्माण के लिए एक समयबद्ध योजना तैयार की गई है, ताकि लगभग 400 एमजीडी गंदे पानी की वास्तविक कमी को पूरा किया जा सके। इस महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता होगी। इसमें दिल्ली जल बोर्ड, सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण, दिल्ली नगर निगम, पर्यावरण विभाग, पीडब्ल्यूडी और डीडीए शामिल हैं। इन कामों की साप्ताहिक आधार पर उच्च स्तर पर निगरानी की जाएगी। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि नगर की औद्योगिक इकाइयां नालों में गंदा पानी न छोड़ें। यह कदम यमुना नदी के पुनरुद्धार प्रयासों के तहत उठाया गया है, ताकि नदी के पानी की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके और प्रदूषण पर काबू पाया जा सके।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने परिवार सहित संगम में किया स्नान

महाकुंभ सनातन संस्कृति की दिव्य झांकी - मंत्री कपिल देव अग्रवाल

महाकुंभ नगर, 16 फरवरी (बु.)। उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने आज अपने परिवार संग संगम में आस्था की डुबकी लगाई और विधिवत पूजा-अर्चना की। महाकुंभ की आध्यात्मिक भव्यता को नमन करते हुए उन्होंने संत-महात्माओं से आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं संग संवाद किया। संगम स्नान के पश्चात अपने अनुभव साझा करते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि महाकुंभ केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की दिव्य झांकी है। करोड़ों श्रद्धालु यहां केवल स्नान के लिए नहीं आते, बल्कि सनातन परंपराओं की गूंज, संतों के आशीर्वाद और आत्मिक शांति की अनुभूति के लिए यहां खिंचे चले आते हैं। उन्होंने आगे कहा कि महाकुंभ मानवता को जोड़ने वाला एक ऐसा आध्यात्मिक पर्व है, जहां संपूर्ण विश्व भारतीय संस्कृति की विशालता को महसूस करता है। यह आयोजन भक्ति, ज्ञान और साधना का महासंगम है, जिसे अनुभव करना अपने आप में अलौकिक है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने संगम तट पर संत-महात्माओं से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके विचार सुने। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत परंपरा भारत की आध्यात्मिक विरासत की आधारशिला है। इनका सान्निध्य हमें धर्म, सत्य और कर्तव्य की राह दिखाता है। महाकुंभ नगर में श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से अभिभूत मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महाकुंभ में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है, जिससे हर श्रद्धालु को दिव्यता और शांति का अनुभव हो।

श्मशान घाट में निमार्णाधीन टंकी पर लगी शटरिंग गिरी, कई मजदूर दबे

गाजियाबाद, 16 फरवरी (एजेंसी)। गाजियाबाद के मुरादनगर के श्मशान घाट में एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ है। श्मशान घाट में रविवार को निमार्णाधीन पानी की टंकी पर लगी शटरिंग अचानक गिर गई। मलबे में छह से अधिक मजदूरों के दबे होने की आशंका है। करीब कई लोगों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया है। हालांकि, अभी कई मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। मुरादनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह तोमर खुद मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य का नेतृत्व कर रहे हैं। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, निमार्णाधीन टंकी पर काम चल रहा था, तभी अचानक शटरिंग गिर गई। बता दें कि यह दूसरी बार है जब मुरादनगर के श्मशान घाट में इस तरह का हादसा हुआ है। इससे पहले भी यहां लेंटर के ढांचे गिरने से करीब 24 लोगों की जान चली गई थी। आज हुए हादसे से साफ पता चलता है कि प्रशासन ने पिछले हादसे से कोई सबक नहीं लिया। सभासद शिवा चौधरी का कहना है कि प्रशासन को इस हादसे की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। साथ ही भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। वहीं, राष्ट्रीय व्यापारी सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित त्यागी ने कहा यह घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। मसूरी के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सिद्धार्थ गौतम ने बताया डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुरादनगर क्षेत्र स्थित ग्राम उखलारसी के शमशान घाट के अंदर निमार्णाधीन पानी की टंकी की शटरिंग अचानक गिर गई। मलबे में कुछ लोग दब गए हैं। उन्होंने कहा कि सचूना पर तत्काल थाना मुरादनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। वहां, पर कार्यरत कुल 14 मजदूरों में से कई घायलो को निकालकर सीएचसी अस्पताल भेजा गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें संजय नगर अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि एक व्यक्ति के सिर में ज्यादा चोट है और उसकी हालत गंभीर है। अन्य सभी घायल खतरे से बाहर हैं। मौके पर जानकारी मिली है कि ये निमार्णाधीन टंकी जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाई जा रही थी।

संपत्ति के लिए बेटे ने की माँ-बाप की निर्मम हत्या

लखनऊ, 16 फरवरी (एजेंसी)। लखनऊ जिले के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के जबरौली गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक बेटे ने अपने माता-पिता की निर्मम हत्या कर दी। वारदात के बाद वह मौके से फरार हो गया, और पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस मामले में यह सामने आया है कि संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद ने बेटे को इस घिनौनी वारदात को अंजाम देने के लिए उकसाया था। यह घटना शनिवार रात को उस समय हुई जब जगदीश वर्मा (70 वर्ष) और उनकी पत्नी शिवप्यारी (68 वर्ष) का अपने बड़े बेटे ब्रिशकित उर्फ लाला से विवाद हो रहा था। जगदीश वर्मा पेशे से लोहार थे और कई दिनों से उनके बड़े बेटे के साथ संपत्ति को लेकर उनके घर में झगड़े चल रहे थे। गांववालों के अनुसार, शनिवार रात भी लाला और उसके माता-पिता के बीच झगड़ा हुआ था। इस दौरान लाला ने अचानक हथौड़े से अपने माता-पिता पर ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। इस कायरतापूर्ण हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। माता-पिता की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत दोनों बुजुर्गों को मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से उन्हें इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। जहाँ इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मोहलालगंज के एसीपी रजनी